दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 136 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। शनिवार, 21 मार्च 2026 । चैत्र, शुक्ल पक्ष तृतीया, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



## जयपुर में शाही अंदाज में आज निकलेगी गणगौर की सवारी

### 210 लोक कलाकार, 32 पारंपरिक लवाजमे होंगे; विदेशों में भी होगा लाइव प्रसारण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में लोक परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक वैभव का प्रतीक गणगौर महोत्सव इस वर्ष अभूतपूर्व भव्यता के साथ आयोजित होगा। पर्यटन विभाग की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस बार विदेशों में रहने वाले लोगों को शोभायात्रा से जोड़ने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के निर्देशानुसार महोत्सव में कई नवाचार जोड़े गए हैं। राजस्थान फाउंडेशन के माध्यम से विदेशों में बसे भारतीय एवं राजस्थानी समुदाय के लिए इस बार गणगौर सवारी का लाइव प्रसारण किया जाएगा। साथ ही पर्यटन विभाग के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी भव्य आयोजन का सीधा प्रसारण होगा। वहीं शाही अंदाज में निकलने वाली शोभायात्रा में 210 लोक कलाकार अपनी विधाओं से आयोजन को जीवंत बनाएंगे। वहीं 32 पारंपरिक लवाजमे भी होंगे।

#### 21 और 22 मार्च को निकलेगी गणगौर की शाही सवारी

पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया- गणगौर की शाही सवारी 21 और 22 मार्च को शाम 5 :45 बजे सिटी पैलेस परिसर से रवाना होकर त्रिपोलिया गेट, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार होते हुए तालकटोरा के पोंड्रिक पार्क तक निकाली जाएगी। इस बार सजी-धजी पालकियों, ऊंट, घोड़े और हाथियों के लवाजमे की संख्या में वृद्धि कर शोभायात्रा को अधिक भव्य बनाया गया है। महोत्सव के दौरान जयपुर शहर पूरी तरह लोक संस्कृति के रंग में रंगा नजर आएगा। प्रदेशभर से चयनित 210 लोक कलाकार अपनी-अपनी विधाओं से इस आयोजन में लाइव प्रस्तुति देंगे। कच्छी घोड़ी, गेर, कालबेलिया, चरी, घूमर और चंग जैसे पारंपरिक लोकनृत्य शोभायात्रा की विशेष पहचान होंगे। बस्सी के बनवारी लाल जाट और जयपुर के तेजपाल भाट कच्छी घोड़ी नृत्य प्रस्तुत करेंगे। वहीं बाड़मेर के हरीश कुमार (लाल दल) और तगाराम (सफेद दल) गेर नृत्य की प्रस्तुति देंगे।

कालबेलिया में महावीर नाथ और राजकी सपेरा (छोटी), चरी में अंजना कुमावत तथा घूमर में पूजा नरूका अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। संगीत विधाओं में शहनाई, मशक, रावणहत्था और भपंग की मधुर ध्वनियां वातावरण को सुरमयी बनाएंगी। बहुरूपिया, मांगणियार गायन, कठपुतलियां और चंग जैसे पारंपरिक लोक रूप शोभायात्रा को अधिक आकर्षक बनाएंगे।

शोभायात्रा का लवाजमा भी इस बार विशेष आकर्षण रहेगा। पारंपरिक लोक प्रस्तुतियों के साथ शंकर बैंड, निशान हाथी, जेठी पहलवान हाथी, अशोक बैंड, तोप गाड़ी, ऊंट दल, सजे हुए ऊंट, शहनाई ऊंट गाड़ी, ताज बैंड, रथ, घोड़े और विक्टोरिया कैरिज सहित कुल 32 लवाजमे इस शाही सवारी की गरिमा बढ़ाएंगे।

गौरतलब है कि गणगौर पर्व महिलाओं की आस्था, सौभाग्य और भगवान शिव-पार्वती के प्रति समर्पण का प्रतीक है, जो राजस्थान की पहचान के रूप में देश-विदेश में विख्यात है।

## सरकार ने 300 अवैध बेटिंग वेबसाइट्स-एप ब्लॉक किए

### इनमें ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग प्लेटफॉर्म भी शामिल; अब तक 8400 प्लेटफॉर्म बंद




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सरकार ने अवैध ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 वेबसाइट्स-एप्स को ब्लॉक किया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक अब तक कुल 8400 ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाया जा चुका है। इनमें से करीब 4900 वेबसाइट्स ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद ब्लॉक की गई हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक जिन प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई की गई है, वे मुख्य रूप से अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े थे। इनके जरिए बड़े स्तर पर अवैध लेनदेन और जुए को बढ़ावा मिल रहा था। इसे रोकने के लिए आईटी एक्ट और अन्य संबंधित कानूनों के तहत लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद इस तरह के प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई में तेजी आई है। सरकार का दावा है कि यह कदम डिजिटल स्पेस को सुरक्षित बनाने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है।

## वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भारत लिख रहा निर्णायक अध्याय : मोदी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भारत एक निर्णायक अध्याय लिख रहा है, जो कि विद्युतीकरण की तरफ रुझान, स्वच्छ ऊर्जा और मैन्युफैक्चरिंग पर केंद्रित है। पीएम मोदी ने विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक द्वारा लिखित एक आर्टिकल शेयर किया, जिसमें भारत के ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे तेज बदलाव के बारे में बताया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने कहा कि देश का ऊर्जा परिवर्तन व्यावहारिक नीतिगत निर्णयों और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने के द्वारा निर्देशित है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा क्षमता बढ़ाने, विद्युतीकरण को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने के भारत के प्रयास इसे वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने में मदद कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा,केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने बताया है कि भारत का ऊर्जा परिवर्तन व्यावहारिक नीति और आत्मनिर्भरता की दिशा में स्पष्ट प्रयास से प्रेरित है। पीएम मोदी ने आगे कहा,विद्युतीकरण, स्वच्छ ऊर्जा और विनिर्माण पर विशेष ध्यान देने के साथ, भारत वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में एक निर्णायक अध्याय लिख रहा है।

इससे पहले, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा लिखे गए आर्टिकल को शेयर करते हुए पीएम मोदी ने पाठकों से आग्रह किया कि वे इस लेख को पढ़ें ताकि उन्हें भारत की ऊर्जा नीतियों की सटीक जानकारी मिल सके, जो एक विकसित भारत का वादा करती हैं।

पीएम मोदी ने कहा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर इस बात पर विचार रख रहे हैं कि भारत किस प्रकार एक मजबूत ऊर्जा इको-सिस्टम को शक्ति प्रदान कर रहा है और भविष्य की जरूरतों के लिए एक स्थायी वातावरण का निर्माण कर रहा है। साथ ही कहा, भारत की ऊर्जा नीतियों के बारे में सटीक जानकारी प्राप्त करने के लिए इस लेख को पढ़ें, जो एक विकसित भारत का वादा करती हैं।

## प्रीमियम पेट्रोल 2 रु प्रति लीटर हुआ महंगा

### सामान्य ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनावों के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 2.09 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी गई है, जो 20 मार्च से ही लागू हो गई है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड सहित सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने अपने प्रीमियम पेट्रोल वेरिएंट की कीमतों में लगभग 2.09 रुपए से 2.35 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की है। इस बदलाव के साथ, पावर पेट्रोल और एक्सपी95 जैसे ब्रांडेड फ्यूल की कीमत लगभग 111.68 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर लगभग 113.77 रुपए प्रति लीटर हो गई है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिससे आम वाहन चालकों को कुछ राहत मिली है। इस फैसले का असर खासतौर पर उन उपभोक्ताओं पर पड़ेगा जो हाई-ऑक्टेन या प्रीमियम पेट्रोल का इस्तेमाल करते हैं। प्रीमियम पेट्रोल आमतौर पर बेहतर इंजन परफॉर्मेंस, स्मूद ड्राइविंग और बेहतर माइलेज के लिए जाना जाता है। ऐसे में इसकी कीमत बढ़ने से कार और बाइक मालिकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ना तय माना जा रहा है।

खासकर मेट्रो शहरों और हाई-परफॉर्मेंस वाहनों का इस्तेमाल करने वाले लोगों को इसका ज्यादा असर झेलना पड़ सकता है।




**प्रीमियम पेट्रोल की बिक्री कुल पेट्रोल का केवल 3-4%**

प्रीमियम फ्यूल की बिक्री कुल पेट्रोल बिक्री का एक छोटा हिस्सा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि प्रीमियम कैटेगरी के पेट्रोल में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन यह बेचे जाने वाले कुल पेट्रोल का केवल 3-4% ही है।

हालांकि, सरकार या तेल कंपनियों की ओर से इस बढ़ोतरी के पीछे कोई आधिकारिक वजह सामने नहीं आई है, लेकिन बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और बढ़ती लॉजिस्टिक्स लागत इसके पीछे प्रमुख कारण हो सकते हैं।

यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब वैश्विक कच्चे तेल बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 19 मार्च को तेल की कीमतों में 4 प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई थी। ब्रेंट क्रूड का भाव करीब 111.78 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी लगभग 99.57 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## ट्रम्प ने नाटो देशों को कायर बताया

### बोले- अमेरिका के बिना वे कागजी शेर, जंग में साथ नहीं दिया इसे याद रखेंगे



तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान युद्ध में साथ न देने पर नाटो सहयोगी देशों पर नाराजगी जताई है। ट्रम्प ने कहा है कि नाटो देश कायर हैं और अमेरिका के बिना यह गठबंधन सिर्फ कागजी शेर है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा, वे न्यूक्लियर ताकत वाले ईरान को रोकने की लड़ाई में शामिल नहीं होना चाहते थे। अब जब यह लड़ाई सैन्य रूप से जीत ली गई है, तो वे तेल की ऊंची कीमतों की शिकायत कर रहे हैं। ट्रम्प ने होर्मुज स्ट्रेट का जिक्र करते हुए कहा कि इसे खुला रखने के लिए सैन्य मदद देना आसान है, लेकिन सहयोगी देश इसमें भी पीछे हट रहे हैं। उन्होंने कहा, यह बहुत आसान सैन्य कदम है, जिसमें बहुत कम जोखिम है, लेकिन वे मदद नहीं करना चाहते। कायर हैं, और हम इसे याद रखेंगे।

**ईरान जंग के बीच नाटो ने इराक से अपने कर्मचारी हटाए-** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच नाटो ने इराक से अपने कर्मचारियों को अस्थायी तौर पर हटा लिया है। इराक के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के सलाहकार सईद अल जयाशी के मुताबिक, यह कदम क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए उठाया गया है। उन्होंने कहा कि यह स्थायी वापसी नहीं है और हालात सामान्य होने के बाद नाटो के कर्मचारी फिर से इराक लौटेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान युद्ध के बाद इराक में सुरक्षा जोखिम काफी बढ़ गया है, जिसके चलते नाटो ने अपना ट्रेनिंग मिशन भी अस्थायी रूप से रोक दिया है। करीब 600 सैनिकों और स्टाफ को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

**पीएम मोदी ने बहरीन के किंग से बातचीत की**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा से फोन पर बातचीत की और उन्हें ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान दोनों नेताओं ने वेस्ट एशिया में चल रहे तनावपूर्ण हालात पर चर्चा की। पीएम मोदी ने क्षेत्र में ऊर्जा और नागरिक ठिकानों पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे हमलों का असर वैश्विक खाद्य, ईंधन और उर्वरक सुरक्षा पर पड़ता है। उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित और बिना रुकावट शिपिंग की अहमियत पर भी जोर दिया।

## आज मनाई जाएगी ईद, देशभर में सुरक्षा बढ़ाई गई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** ईद-उल-फितर के जश्न के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, क्योंकि इस त्योहार से पहले, रमजान के आखिरी दिन नमाज अदा करने के लिए नमाजी इकट्ठा हुए। धर्मगुरुओं ने घोषणा की है कि भारत में ईद-उल-फितर शनिवार को मनाई जाएगी, क्योंकि गुरुवार शाम को चांद नहीं दिखा। हालांकि, केरल में यह त्योहार शुक्रवार को ही मनाया गया। उत्तराखंड में हरदोई के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक कुमार मीणा ने कहा कि ईद-उल-फितर त्योहार और चल रही चैत्र नवरात्रि को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। आज की 'अलविदा नमाज' के लिए हम कई जगहों पर फ्लैग मार्च कर रहे हैं और सभी मस्जिदों पर पुलिसकर्मी भी तैनात किए हैं। जिले को सेक्टरों और जोन में बांटा गया है। कहीं भी कोई दिक्कत नहीं है। हम किसी भी तरह के असामाजिक तत्वों पर भी नजर रख रहे हैं।



दिल्ली के उत्तम नगर में भी भारी पुलिस तैनाती देखी गई, जिसके बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने एक निर्देश जारी कर इलाके की पुलिस और सिविल प्रशासन को ईद के त्योहारों के दौरान सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का आदेश दिया।

सुरक्षा उपायों के तहत रूट मार्च करने के बाद, उत्तर प्रदेश के मऊ के एसपी श्री एलमारन जी ने कहा कि हम पूरी गश्त और चेकिंग कर रहे हैं। सिविल वर्दी में तैनात पुलिसकर्मियों के अलावा, प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) के जवान भी तैनात किए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री ने ली जयपुर मेट्रो की बैठक



### एलिवेटेड रोड के लिए जेडीए एवं जयपुर मेट्रो मिलकर करें काम : शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुर शहर के आमजन को मेट्रो के जरिये सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार निरंतर काम कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को जयपुर मेट्रो के विस्तार फेज की प्लानिंग में सभी प्रमुख स्थानों को शामिल करने एवं जनसंख्या घनत्व को ध्यान में रखकर नवीन मेट्रो फेज की दिशा में कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

श्री शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर मेट्रो के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर मेट्रो परियोजनाओं का समय अनुकूल विकास एवं नियंत्रित लागत बेहद जरूरी है। इसी क्रम में घनी आबादी क्षेत्र के लिए मेट्रो विस्तार फेज को वर्तमान मेट्रो लाईन्स से जोड़ने की कार्ययोजना को प्रमुखता से बनाया जाए। उल्लेखनीय है कि बजट वर्ष 2025-26 में जगतपुरा एवं वैशाली नगर क्षेत्रों में मेट्रो के विस्तार हेतु डीपीआर बनाने की घोषणा की गई थी, जिसके क्रम में जयपुर मेट्रो के अधिकारियों ने प्रस्तावित एलाइनमेंट मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बढ़ती आबादी को ध्यान में रखकर मेट्रो को आमेर, बगराना (आगरा रोड़), जगतपुरा एवं आईएसबीटी हीरापुरा तक विस्तार देने के लिए मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने जेडीए अधिकारियों को अरण्य भवन से जगतपुरा तक बनने वाले एलिवेटेड रोड के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए जेडीए एवं जयपुर मेट्रो आपसी सामंजस्य से काम करें। श्री शर्मा ने मेट्रो फेज-2, फेज-1सी (बड़ी चौपड़-ट्रांसपोर्ट नगर) एवं फेज-1डी (मानसरोवर-अजमेर रोड चौराहा) की प्रगति का भी विवरण लिया। इस दौरान अधिकारियों ने प्रजेंटेशन के जरिये मेट्रो परियोजना की विभिन्न कार्ययोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।



# तीन दिवसीय राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो राइटेक्स-2026 का भव्य शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठन पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से झीलों की नगरी में तीन दिवसीय राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो-2026 राइटेक्स के द्वितीय संस्करण का 20 मार्च शुक्रवार को बीएन कॉलेज ग्राउंड में अतिथियों के हाथों भव्य शुभारंभ हुआ। यह एक्स्पो 22 मार्च तक चलेगा। प्रदर्शनी का समय प्रातः 11 बजे से शाम 8 बजे तक का रखा गया है जिसमें प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क रखा गया है।

पीएचडी चैंबर, उदयपुर संभाग के संयोजक एवं बिजनेस सर्कल इंटरनेशनल (बीसीआई) के फाउंडर एंड चैयरमेन अध्यक्ष मुकेश माधवानी ने बताया कि शुभ्ज्ञारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथियों में नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय महाप्रबंधक (अहमदाबाद) विकास चंद्र नायक, जिला उद्योग केंद्र-उदयपुर, उद्योग, वाणिज्य एवं सीएसआर विभाग, राजस्थान सरकार के महाप्रबंधक शैलेन्द्र शर्मा और रीको, उदयपुर के अतिरिक्त महाप्रबंधक अजय पंड्या, गिरीश शर्मा (केसीसीआई के अध्यक्ष), यशवंत सिंघवी (एमएसएमई अध्यक्ष) प्रमुख रूप से उपस्थित थे। माधवानी ने बताया कि एक्सपो का शुभारंभ करने के बाद सभी अतिथियों ने हर स्टॉल पर जाकर उनसे परिचय किया एवं उनके प्रोडक्ट के बारे में जानकारी ली। उसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रदर्शनी में ग्रामीण क्षेत्र से आए उद्यमियों को जिन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी नहीं थी उन्हें सरकारी स्कीम्स के बारे में बताया और कहां किस तरह से सरकारी योजनाओं के साथ जुडकर अपने उत्पादों को बड़ा मार्केट दे सकते हैं।

राइटेक्स-2026 को उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार, रीको एवं मिनिस्ट्री ऑफ एमएसएमई भारत सरकार का भी सपोर्ट प्राप्त हुआ है जिसके फलस्वरूप एक ओडीओपी पवेलियन लगाया गया है जिसमें उद्योग विभाग राजस्थान में पंजीकृत ओडीओपी इकाइयों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। एमएसएमई के सहयोग से पीएम विश्वकर्मा स्कीम के अंतर्गत एक पवेलियन लगाया गया है जिसमें 50 से अधिक इकाइयां भाग ले रही हैं। एक्सपो के आखरी दिन 22 मार्च 2026 को साय 4.30 बजे के सेमिनार का आयोजन किया जा रहे जिसमें राजस्थान ओडीओपी पालिसी-2024, राजस्थान एमएसएमई पालिसी-2024 एवं मुख्यमंत्री विश्वकर्मा युवा उद्यमी योजना 2025 के बारे में चर्चा होगी एवं जानकारी दी जायेगी।

एक्सपो देश के विभिन्न क्षेत्रों जिनमें राजस्थान के जयपुर,पाली, बीकानेर सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये उद्यमियों एवं व्यापारियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस एक्सपो में 90 से ज्यादा इंस्टॉल लगी है।

इस दौरान आयोजित समारोह में स्वागत उद्बोधन देते हुए पीएचडी चैंबर के क्षेत्रीय निदेशक आर.के. गुप्ता ने उदयपुर के सबसे बड़े राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो-2026 राइटेक्स के सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह किसी एक अकेले व्यक्ति से नहीं बल्कि सभी सहयोग का परिणाम है कि आज हमने इसका दूसरा चरण प्रारम्भ किया है। यह एक्सपो राजस्थान के औद्योगिक परिदृश्य में निवेश और तकनीक के नए द्वार खोलने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# अजमेर में डी.पी. ज्वेलर्स का 'रिंग्स, टॉप्स एंड स्मॉल ज्वेलरी फेस्टिवल'

## एक्सक्लूसिव डिज़ाइनों की खास पेशकश

बढ़ता राजस्थान




**अजमेर।** मध्यभारत के भरोसेमंद आभूषण ब्रांड डी.पी. ज्वेलर्स ने अपने अजमेर शोरूम में 19 मार्च से 29 मार्च 2026 तक विशेष 'रिंग्स, टॉप्स एंड स्मॉल ज्वेलरी फेस्टिवल' का आयोजन किया है। इस फेस्टिवल में ग्राहकों के लिए रिंग्स, टॉप्स और अन्य छोटे आभूषणों की पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाइनों की आकर्षक रेंज प्रस्तुत की गई है। छोटे लेकिन स्टाइलिश आभूषणों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए यह फेस्टिवल आयोजित किया गया है।

अजमेर में आयोजित रिंग, टॉप्स एवं छोटे ज्वेलरी प्रोडक्ट्स की विशेष एग्ज़िबिशन में डीपी ज्वेलर्स के 'स्ल्हक्र' ब्रांड का विशेष कलेक्शन भी शामिल किया गया है। 'स्ल्हक्र' ब्रांड के अंतर्गत लाइट वेट ज्वेलरी की आकर्षक डिज़ाइनों की पूरी रेंज ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। इस फेस्टिवल में गोल्ड और डायमंड रिंग्स, टॉप्स तथा अन्य स्मॉल ज्वेलरी कलेक्शन प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इस के साथ ही स्टोर में कुछ एक्सक्लूसिव ज्वेलरी पीसेस भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जिन्हें खासतौर पर इस अवसर के लिए तैयार किया गया है। इन डिज़ाइनों में पारंपरिक कारीगरी के साथ आधुनिक स्टाइल का संतुलन देखने को मिलता है।

स्टोर में ग्राहकों की सुविधा के लिए स्टाइलिंग गाइडेंस की व्यवस्था की गई है, जहां ज्वेलरी एक्सपर्ट्स अलग-अलग डिज़ाइनों और कलेक्शन के बारे में जानकारी देते हुए अवसर और पसंद के अनुसार उपयुक्त आभूषण चुनने में मार्गदर्शन कर रहे हैं। पारंपरिक आभूषणों के साथ-साथ हल्के और आकर्षक डिज़ाइनों की ज्वेलरी के प्रति भी ग्राहकों की रुचि लगातार बढ़ रही है। आभूषण में जितने कैरेट सोने का उपयोग होता है, उसी के अनुसार मूल्य लिया जाता है।

यही पारदर्शिता ग्राहकों के विश्वास का मुख्य कारण है। यहां आभूषणों की विस्तृत रेंज उचित मेकिंग चार्जेस के साथ उपलब्ध है और बाय-बैक पॉलिसी भी ग्राहकों के लिए लाभकारी है।

सीमित अवधि के लिए चल रहा यह 'रिंग्स, टॉप्स एंड स्मॉल ज्वेलरी फेस्टिवल' अजमेर के ग्राहकों को आकर्षक डिज़ाइनों, पारदर्शिता और भरोसेमंद खरीदारी का अनुभव दे रहा है।

# डीपीएस उदयपुर के रेयांश जैन की मेथेमेटिक्स ओलम्पियाड में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के कक्षा आठ के छात्र रेयांश जैन ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड द्वितीय स्तर में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय रैंक 1 एवं जोनल रैंक 1 प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उन्हें साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा 25,000 का नगद पुरस्कार, अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुआ। वहीं कक्षा पाँच के कयान चैधरी ने अंतरराष्ट्रीय रैंक 79 एवं जोनल रैंक 7 प्राप्त की। इस ओलंपियाड में विद्यालय के कुल 40 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। विद्यालय के प्रो.वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे छात्र की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थीयों एवं उनके अभिभावक को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।

# मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने राजसमंद के गुंजोल में लिया ग्राम सभा में भाग

## सड़क, पानी, बिजली, चिकित्सा सहित हर क्षेत्र पर आमजन दे अपने सुझाव, तब ही सफल मास्टर प्लान संभव

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को पंचायत समिति खमनोर की ग्राम पंचायत गुंजोल में मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान के अंतर्गत आयोजित ग्राम सभा में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की तथा अभियान के उद्देश्यों और कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुख्य सचिव श्री श्रीनिवास ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि ग्रामीण स्वयं अपने गाँव के विकास का खाका तैयार करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गाँव के लोग मिलकर यह तय करें कि आगामी वर्षों में उनके गाँव का मास्टर प्लान क्या होगा और किन-किन विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 19 मार्च से 15 मई तक मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान संचालित किया जा रहा है, जो जन-केंद्रित योजना, समावेशिता, समयबद्ध प्राथमिकता, एवं संरचनात्मक एकीकरण जैसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों पर आधारित है।मुख्य सचिव ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय स्तर की आकांक्षाओं को विकसित राजस्थान के संकल्प से जोड़ते हुए ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने सुझाव प्रस्तुत करें, जिससे एक सशक्त और व्यवहारिक ग्राम विकास योजना तैयार की जा सके।मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान का संपर्क पोर्टल 181 देश में उत्कृष्ट जनसुनवाई प्रणाली के रूप में स्थापित हुआ है, जहां आमजन की शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल सरकार और जनता के बीच सशक्त सेतु का कार्य कर रहा है, जिससे पारदर्शिता एवं जवाबदेही में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि पोर्टल के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत की नियमित मॉनिटरिंग की जाती है तथा निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाता है, जिससे आमजन का शासन-प्रशासन पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है।अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने वर्षों पूर्व की अपनी राजसमंद यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि जिले ने विकास के कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि देश का प्रत्येक नागरिक डिजिटल रूप से सशक्त बने, और इस दिशा में राजसमंद जिला पूर्व से ही अग्रसर रहा है। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं और सुझावों को सुनकर स्वयं नोट किया।मुख्य सचिव ने कहा कि डिजिटल इंडिया की संकल्पना साकार हो रही है। आज आमजन मोबाइल बैंकिंग, नेट बैंकिंग और यूपीआई जैसी सुविधाओं से सीधे जुड़कर अपने दैनिक लेन-देन को सरल, सुरक्षित और त्वरित बना रहा है। डिजिटल तकनीक ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है, अब लोग घर बैठे ही विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं।

### सामने आएगी विकास की स्पष्ट रूपरेखा

सम्भागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी ने कहा कि ग्राम स्तर पर मास्टर प्लान तैयार होने से विकास की स्पष्ट रूपरेखा सामने आएगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे कृषि, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत या अन्य किसी भी क्षेत्र से जुड़े अपने सुझाव अवश्य दें, ताकि समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

### गाँव का मास्टर प्लान, गाँव में बन रहाः कलक्टर

जिला कलक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा ने मुख्य सचिव का ग्राम सभा में आगमन पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले का ग्राम विकास मास्टर प्लान राज्य में उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। हसीजा ने कहा कि आमतौर पर ऐसा माना जाता रहा है कि सरकारों के प्लान जयपुर में एसी कमरों में बैठ कर बनाए जाते हैं।

## विश्व गौरैया दिवस

# राजसमंद में अनूठी पहल, 21 हजार घरौंदे और परिंदे बांटे



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** विश्व गोरैया दिवस के अवसर पर जिले के खमनोर ब्लॉक स्थित भोपा की भागल गाँव के राजकीय विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जनसहयोग से करीब 21 हजार पक्षियों के घरौंदे (नेस्ट बॉक्स) और परिंदे (जल पात्र) निशुल्क वितरित किए गए।कार्यक्रम की खास बात यह रही कि विद्यालय परिसर में 'गोरैया गांव' विकसित किया गया है, जहां गौरैया सहित अन्य पक्षियों के सुरक्षित रहने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पक्षियों के लिए बनाए गए छोटे-छोटे 'पक्षी मोहल्ले' आकर्षण का केंद्र रहे।इस पहल की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल गुर्जर के प्रयासों से हुई, जिनके साथ स्कूल स्टाफ और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में राजस्थान सहित देशभर के पर्यावरण प्रेमियों और पक्षी विशेषज्ञों ने भाग लेकर गौरैया संरक्षण का संदेश दिया।विद्यालय का वातावरण किसी प्राकृतिक नर्सरी से कम नहीं दिखा। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में तोता, मोर, कबूतर और गौरैया जैसे पक्षियों का जमावड़ा रहता है। खास बात यह भी सामने आई कि इस सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले आदिवासी बच्चे न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूक हैं, बल्कि अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

# बाड़ी के पीएमश्री विद्यालय मे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ीबाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ शारदे की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रातः कालीन योग एवं प्रार्थना के साथ हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योग एवं प्रार्थना के माध्यम से सभी ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझा। इसके पश्चात प्रभारी शरण विहारी पाराशर ने स्वयंसेवकों द्वारा पिछले छह दिनों में किए गए विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत की। स्वयंसेवकों ने शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल अवेयरनेस, स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर किए गए अपने अनुभव साझा किए। इस समीक्षा सत्र ने शिविर के उद्देश्यों एवं उपलब्धियों को स्पष्ट रूप से सामने रखा।

# चैत्रीय नवरात्र में नगर पालिका का नवदुर्गा महोत्सव शुरू

## 09 दिनों तक होगा मेला मंच पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, सभी से सहयोग की अपील

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ीबाड़ी (राजू शर्मा)।** चैत्रीय नवरात्र में नगर पालिका द्वारा नवदुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। ऐसे में शुक्रवार को शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर नवदुर्गा महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा रहे। जिन्होंने मेले की ध्वजा का रोहण किया। इस दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नायब तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया कि इस बार बोर्ड की जगह नगर पालिका प्रशासन द्वारा मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला नौ दिवसीय रहेगा। जिसमें 20 मार्च से 28 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

मेला शुभारंभ मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा ने कहा कि मेले आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द के प्रतीक होते हैं। यह मेला नगर पालिका द्वारा आयोजित होता है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग शिरकत करते हैं। पुराने समय में यह मेले ही मनोरंजन का मुख्य साधन होते थे। जिनमें लोग जरूरत के सामान की जमकर खरीददारी करते थे। उसी परम्परा के तहत पालिका द्वारा यह मेला नवदुर्गा महोत्सव के रूप मनाया जा रहा है। जिसमें सभी विभाग आपसी सहयोग से मेले का संचालन करेंगे,पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था संभालेगा। मेले में तमाम तरह के मनोरंजन के साधन आमजन के लिए उपलब्ध कराए गए हैं।

नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी उत्तमचंद बंसल ने बताया कि 20 मार्च से 28 मार्च तक इस मेले का आयोजन होगा। जिसमें तमाम तरह के मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराए गए है। जिसमे प्रतिदिन मेला रंगमंच पर सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने मेला आयोजन को लेकर नगर पालिका के पूर्व पार्षदों,जनप्रतिनिधियों एवं शहर वासियों से सहयोग की अपील की। थानाधिकारी देवेंद्र शर्मा ने भी मेला मंच से अपना उद्बोधन दिया।

पंडित हरिद्वार लाल पाराशर ने विधि विधान मंत्रोच्चार के बीच मेले का शुभारंभ कराया।

## वादी पक्ष ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

# कोर्ट के आदेश पर खाली कराई भूमि का मामला



### आरोपी पक्ष के ज्ञापन के आरोपों पर एसडीएम को दी जानकारी निष्पक्ष जांच की मांग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के कायस्थ पाड़ा पुलिया के पास न्यायालय के आदेश पर खाली कराई गई डेढ़ बीघा भूमि के मामले में परिवादी पक्ष ने उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने पूर्व में आरोपी पक्ष द्वारा दिए गए ज्ञापन में लगाए गए आरोपों को गलत बताते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। यह मामला शहर की कायस्थ पाड़ा पुलिया पर स्थित डेढ़ बीघा भूमि से जुड़ा है। न्यायालय के आदेश पर 09 मार्च को प्रशासन और पुलिस ने इस भूमि से अतिक्रमण हटाकर परिवादी पक्ष को कब्जा दिलाया था।

इस कार्रवाई के दो दिन पूर्व,कथित तौर पर बेघर हुए परिवारों ने उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को एक ज्ञापन दिया था। इसमें उन्होंने भूमि की पैमाइश कराने,नगर पालिका के पट्टों के आधार पर उन्हें कब्जा दिलाने और पूरे मामले की जांच की मांग की थी।

परिवादी पक्ष के शांतिलाल, अनिल कुमार,गिर्राज,राजकुमार और अमित सहित अन्य लोगों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि कायस्थ पाड़ा पुलिया पर सड़क किनारे यह भूमि उनके बुजुर्गों की वर्षों पुरानी संपत्ति है,जिस पर किशन लाल बघेल और उनके परिवारजनों ने कब्जा कर रखा था।

परिवादी पक्ष के अनुसार,यह मामला बाड़ी कोर्ट से जिला कोर्ट और फिर हाईकोर्ट तक चला। हाई कोर्ट के फैसले के बाद ही प्रशासन और पुलिस ने कोर्ट नाजिर की मौजूदगी में भूमि खाली कराकर उन्हें कब्जा दिलाया है। उन्होंने आरोपी पक्ष द्वारा भूमि की पैमाइश और नगर पालिका पट्टे के आधार पर कब्जा दिलाने की मांग को गलत बताया। परिवादी पक्ष ने अपने ज्ञापन में उपखंड अधिकारी को कोर्ट दस्तावेजों के साथ पूरे मामले की जानकारी दी है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# राजस्थान टूरिज्म सम्मान-2026 आज, 35 से अधिक श्रेणियों में मिलेगा सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** झीलों की नगरी उदयपुर आज पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी जगत के एक भव्य और प्रतिष्ठित आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित राजस्थान टूरिज्म सम्मान-2026 प्रेजेंटेशन सेरेमनी का आयोजन कल 21 मार्च को शाम 4 बजे उदयपुर मैरियट होटल में होगा। जहां देश-प्रदेश के दिग्गज होटल व्यवसायी, टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल प्रोफेशनल्स और हॉस्पिटैलिटी एक्सपर्ट्स एक मंच पर एकत्रित होंगे।





मुकेश माधवनी, श्रद्धा गट्टानी एवं आर. के गुप्ता।

पीएचडीसीसीआई उदयपुर संभाग संयोजक मुकेश माधवानी के अनुसार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राजस्थान में सतत विकास, नवाचार और जिम्मेदार पर्यटन (रेस्पॉंसिबल टूरिज्म) को बढ़ावा देना है, ताकि राज्य का पर्यटन उद्योग वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रतिस्पर्धी बन सके। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आयोजन की विशेषता इसका व्यापक दायरा है, जिसमें 35 से अधिक श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार कलनरी आर्ट्स और रेस्टोरेंट इंडस्ट्री से जुड़े पेशेवरों को भी विशेष रूप से शामिल किया गया है, जिससे पर्यटन के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को उचित पहचान मिल सके।

पीएचडीसीसीआई राजस्थान के रेजिडेंट डायरेक्टर आर. के. गुप्ता ने विश्वास जताया कि यह सम्मान समारोह न केवल उत्कृष्ट कार्य करने वालों का उत्साहवर्धन करेगा, बल्कि पर्यटन क्षेत्र में नई सोच और बेहतर सेवाओं की दिशा में सकारात्मक बदलाव भी लाएगा।

कार्यक्रम में बिजनेस सर्कल इंटरनेशनल (बीसीआई) हॉस्पिटैलिटी पार्टनर के रूप में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। बीसीआई टूरिज्म अध्यक्ष डॉ. श्रद्धा गट्टानी ने बताया कि ऐसे आयोजन उद्योग से जुड़े विभिन्न हितधारकों के बीच संवाद और नेटवर्किंग के नए अवसर प्रदान करते हैं।

पुरस्कारों की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विजेताओं का चयन एक उच्च स्तरीय जूरी द्वारा किया गया है। भारत सरकार के पूर्व पर्यटन सचिव एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. ललित के. पंवार की अध्यक्षता वाली जूरी ने गुणवत्ता, सेवा स्तर और नवाचार जैसे मापदंडों के आधार पर प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया है।

# पशुपति कल्याण परिषद गो शाला में गायों को चारा खिलाया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की महिला इकाई द्वारा बलीचा स्थित पशुपति कल्याण परिषद गौशाला में 1 मिनी ट्रक हरा चारा गौ माता को खिलाया गया। महिला प्रकोष्ठ की अमिता भंडारी द्वारा बताया गया कि प्रतिमाह जिला महिला प्रकोष्ठ के द्वारा गायों को हरा चारा खिलाया जाता है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, घनश्याम मित्तल,अमिता भंडारी, लीलावती मित्तल, वीना ओमप्रकाश अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकारणी सदस्य उपस्थित रहे। गौ शाला की सचिव सुमन बॉस द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# नववर्ष एवं गृह प्रवेश पर अभिषेक विजयवर्गीय का सम्मान




**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा के अध्यक्ष राकेश विजयवर्गीय (थली वाले) द्वारा नववर्ष एवं नए फ्लैट में गृह प्रवेश के अवसर पर अभिषेक विजयवर्गीय को जयपुर के आराध्य देव श्री गोविंद देव जी महाराज की रजत प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर कमलेश डोडवाड़ी, महेंद्र थाना राजगढ़, सीताराम पीपलू, श्यामलाल टहला, राम निरंजन मालपुरा, देवेंद्र कुमार बांदीकुई, अशोक कुमार गुड़ा कटला,रामबाबू भरथला एवं बनवारी लाल बांदीकुई सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने चेटीचंड महोत्सव में की शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा शुक्रवार को अलवर जिले के होप सर्कस पर चेटीचंड महोत्सव पर महाआरती कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने चेटीचंड महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्व व त्योहार हमारे जीवन का मूल आधार है जो सामाजिक सद्भाव, आपसी प्रेम एवं भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि सिंधी समुदाय भगवान झूलेलाल को अपने आराध्य देव के रूप में पूजते हैं। इस दिन समाज के लोग सुख-समृद्धि की कामना के लिए शोभायात्रा निकालते हैं और जल की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढी भगवान झूलेलाल द्वारा बताए मानवता के कल्याण के मार्ग पर चले और देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

### सिन्धी समाज पुरुषार्थी और मेहनती, देश के विकास में इनका योगदान अतुलनीय

# मुख्यमंत्री ने चेटीचंड महोत्सव पर शोभायात्रा को दिखाई हरी झंडी

## भगवान झूलेलाल ने समाज को न्यायप्रिय बनने का दिखाया मार्गः मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सिंधी समाज ने कठिन परिस्थितियों से गुजरते हुए अपनी मेहनत और ईमानदारी से समाज, राज्य और देश की प्रगति के लिए अनुसरणीय कार्य किया है। इस समाज ने कर्म को ही पूजा माना और वे अपने कर्म एवं मेहनत से आगे बढ़े। उन्होंने आह्वान किया कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए सभी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

शर्मा शुक्रवार को भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस के अवसर पर जयपुर स्थित चौगान स्टेडियम में आयोजित 'चेटीचंड महोत्सव' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिन्धी समाज को पुरुषार्थी और स्वाभिमानी बताते हुए कहा कि इस समाज ने अपनी मेहनत और ईमानदारी के बल पर न केवल स्वयं को स्थापित किया, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में भी



महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

शर्मा ने कहा कि भगवान झूलेलाल मानवता के रक्षक थे। उन्होंने बिना शस्त्र उठाए, केवल प्रेम, सत्य और साहस के बल पर अत्याचार को परास्त कर समाज को जल की तरह शीतल और न्यायप्रिय बनने का मार्ग दिखाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान झूलेलाल ने हमें 'जल की तरह बहो, जहां भी जाओ जीवन दो' की सीख दी है, जिसे सिन्धी समाज ने अपने जीवन में आत्मसात् किया है। उन्होंने कहा कि चेटीचंड विजय का उत्सव तथा सत्य की असत्य और मानवता की क्रूरता पर जीत का प्रतीक है। यह पर्व एक धार्मिक आयोजन होने के साथ ही सद्भाव, सामाजिक एकता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उदाहरण है।

शर्मा ने कहा कि सिन्धी समाज ने विभाजन के दौरान अपनी जमीन, घर खोने के बावजूद हौसला और मेहनत को कभी कम नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि व्यापार, उद्योग, शिक्षा, चिकित्सा और समाज सेवा के हर क्षेत्र में सिन्धी समाज बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है।

### हर नागरिक का सम्मान, हर बच्चे को अवसर

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि 'विकसित भारत' और 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को पूरा करने में सिन्धी समाज अपनी प्रतिभा और सामुदायिक भावना से अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। हम सभी को मिलकर ऐसे राज्य का निर्माण करना है जहां हर नागरिक का सम्मान, हर बच्चे को अवसर और हर परिवार को खुशहाली मिले।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान सांसद श्रीमती मंजू शर्मा और विधायक बालमुकुंदाचार्य, अमरापुरा दरबार के संत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## सहकारिता से ही संभव बड़ी पूंजी का निर्माण

बढ़ता राजस्थान

**पावटा।** जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि छोटे-छोटे निवेशकों की पूंजी को जोड़कर बड़े उद्यम खड़े करने की क्षमता केवल सहकारी क्षेत्र में ही निहित है। वे गुरुवार को पावटा उपखंड के ग्राम प्रागपुरा में ग्राम सेवा सहकारी समिति द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान सांसद ने विधायक निधि से 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सहकार कार्यालय भवन की प्रथम मंजिल के निर्माण का शिलान्यास किया। साथ ही 8 लाख रुपये की लागत से निर्मित किसान भवन, 11 लाख रुपये के कस्टम हायरिंग सेंटर तथा 17 लाख रुपये की लागत से उपलब्ध इफको ड्रोन का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान व आमजन मौजूद रहे। अपने संबोधन में सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा लाई गई राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 का उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से देश को समृद्ध बनाते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना है।

## राजकीय विद्यालय करवास में छात्राओं को साइकिलें वितरित, भामाशाहों ने दिया सहयोग



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** ग्राम करवास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे करवास में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की कक्षा नौवीं की 15 मेधावी छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपसरपंच पूनम देवी ने छात्राओं को साइकिलें भेंट कीं और उन्हें निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उन्होंने बालिकाओं से सीधा संवाद करते हुए स्कूल की समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में भी जानकारी ली। छात्राओं ने स्कूल परिसर और कक्षाओं की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग प्रमुखता से रखी। विद्यालय विकास में स्थानीय भामाशाहों का भी निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। हाल ही में विद्यालय में पानी की समस्या को देखते हुए बोरिंग की मांग की गई थी, जिस पर भामाशाह पवन गर्ग ने 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। शेष आवश्यक राशि ग्रामीणों के जनसहयोग से एकत्रित की गई, जिससे अब स्कूल में पेयजल हेतु बोरिंग की व्यवस्था सुचारू रूप से पूर्ण हो सकी है।

## श्री जीण माता धाम के लिए 15वीं अखंड ज्योति निशान पदयात्रा श्रद्धा व उल्लास के साथ रवाना

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे की ढाणी बाढ़ वाली स्थित श्री जीण माता मंदिर से श्री जीण माता शक्ति मंडल के तत्वावधान में 15वीं विशाल अखंड ज्योति निशान पदयात्रा अत्यंत भव्यता के साथ रवाना हुई। मंडल के अध्यक्ष गुरुजी सुभाष चंद्र सैनी के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा ने नगर भ्रमण किया, जहाँ श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर पदयात्रियों का स्वागत किया।

चार पड़ावों के बाद धाम पहुँचेगी यात्रा शक्ति मंडल के अध्यक्ष गुरुजी सुभाष चंद्र सैनी ने यात्रा के मार्ग और कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम पड़ावः मानपुर छावनी में होगा।द्वितीय पड़ावः खंडेला मोड़ पर विश्राम।तृतीय पड़ावः गोरिया



गेट पर होगा। चौथा दिनः यात्रा श्री जीण माता धाम पहुँचेगी, जहाँ माता के चरणों में श्रद्धापूर्वक निशान अर्पित किए जाएंगे।पंचम दिनः आगामी सुबह भव्य भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें भक्तों को दाल-बाटी और चूरमे का प्रसाद वितरित किया जाएगा।इस पावन अवसर पर पत्रकार बिल्लू राम सैनी, अध्यक्ष गुरुजी सुभाष चंद्र सैनी, उपाध्यक्ष खेमचंद सैनी, कोषाध्यक्ष ताराचंद सैनी, महासचिव फूलचंद हलवाई, मोहनलाल सैनी, हरचंद सैनी, संदीप बागड़ी, तरुण सैनी, अक्षय सैनी, मुकेश सैनी, विक्रम सैनी, राहुल सैनी, राजेश सैनी, विक्की माली, विनोद सैनी, फूलचंद सैनी, मुरारी सैनी, प्रकाश सैनी, राजू फोटोग्राफर, जगदीश सैनी, बाबूलाल सैनी, मन्नालाल सैनी, हंसराज सैनी, पवन कुमार सैनी, चौथमल सैनी, अमन, हेमंत, मोहित, जितेंद्र सैनी एवं रवि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन



बढ़ता राजस्थान

**रींगस।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रींगस शुक्रवार को राष्ट्रीय की सेवा योजना + 2 स्तर के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ । इस कार्यक्रम का समापन संस्था प्रधान निर्मल मान एवंभमशाह व शिक्षाविद भारत धींगडा के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम प्रभारी अनिता कुमारी मीणा ने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताया। विद्यालय के व्याख्याता मनोहर गुर्जर के द्वारा स्वयं-सेविकाओं को 'मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिये युवा' विषय पर उद्‌बोधन दिया। स्वयं सेविकाओं के द्वारा विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की गई एवं पेड़-पौधों में पानी डाला गया। इस अवसर पर नीलम खेदड़, सुधीर धायल, विजेन्द्र सहित समस्त स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

## पवित्र मन से की हुई करुण पुकार को भगवान अवश्य सुनते हैं - कथा व्यास पं महेश शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** नया बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में नव दिवसीय श्रीराम कथा रस माधुरी में आज कथा व्यास पं महेश शर्मा हवेलीवाला ने द्वितीय दिवस को नारद मोह, रावण जन्म एवं पृथ्वी की पुकार की कथा मधुर एवं सरस तरीके से प्रस्तुत की जिसे सुनकर समस्त श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने कथा के दौरान विभिन्न प्रसंगों की सहायता से राम कथा के मर्म को श्रोताओं तक पहुंचाने का कार्य अत्यंत सहज और सुंदर ढंग से किया। आपने कहा कि पवित्र मन से की हुई करुण पुकार को भगवान अवश्य सुनते हैं और सहज ढंग से की हुई सेवा से भगवान तत्काल प्रसन्न होकर मनवांछित कामना पूर्ण करते हैं जिससे प्राणी के समस्त पापों का भी प्रक्षालन हो जाता हैं।

कथा के दूसरे दिवस को कथा स्थल पर पलसाना धाम से निंबार्क रत्न मनोहरशरण दास महाराज का पवन आगमन हुआ जिनका यजमान सर्राफ परिवार द्वारा स्वागत सत्कार एवं अभिनंदन किया गया। महाराज ने अपने संक्षिप्त प्रवचन में राम नाम संकीर्तन के महत्व पर प्रकाश डाला। आपने कहा कि कलयुग में सद्गति के लिए केवल नाम का ही आधार है। यज्ञदत्त सर्राफ ने बताया कि कथा में सक्रिय सहयोग प्रदान करने वाले श्री अग्रवाल समाज एवं श्री रामलीला मंडल चौमू का आज कथा आयोजक परिवार की ओर से स्वागत सत्कार एवं अभिनंदन किया गया। कथा में सैकड़ो श्रोता अगाध श्रद्धा एवं समर्पण भाव के साथ राम कथा रस माधुरी का रसास्वादन कर रहे हैं। तृतीय दिवस को राम जन्म, तड़का सुबाहु वध, जनकपुर प्रस्थान और धनुष यज्ञ के प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कथा में पंडित राम स्वरूप शर्मा कथा व्यास के सहयोगी के रूप में व्यवस्था संचालन कर रहे हैं।

## लाइफ स्टाइल बदलाव ही असली उपचारः डॉ. रोशनी

### डायबिटीज, मोटापा और ह्रदय रोग रोकने के लिए लाइफ स्टाइल बदलाव ही असली उपचार



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जागृति मिशन और श्री श्याम हॉस्पिटल द्वारा आयोजित एक विशेष स्वास्थ्य चर्चा में प्रसिद्ध

एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. रोशनी ने आधुनिक समय की गंभीर बीमारियों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि डायबिटीज, मोटापा और हृदय रोग जैसी समस्याओं को रोकने के लिए केवल दवाइयां नहीं, बल्कि जीवनशैली में बदलाव ही सबसे बड़ा और असली हथियार है।डॉ. रोशनी ने शरीर में होने वाली बीमारियों की मुख्य जड़ 'इंसुलिन रेजिस्टेंस' को बताया। उन्होंने आगाह किया कि यदि समय रहते इसे समझ लिया जाए, तो भविष्य में होने वाली कई बड़ी स्वास्थ्य आपदाओं से बचा जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (ङ्ख॥ह्र) के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने चिंता जताई कि आने वाले वर्षों में भारत में डायबिटीज, कैंसर और हाई बीपी के मरीजों की संख्या में भारी उछाल आ सकता है। चर्चा के दौरान डॉ. रोशनी ने अच्छे स्वास्थ्य के लिए चार अनिवार्य पहिये बताएः संतुलित पोषणः सही और सात्विक खान-पान। पर्याप्त नींदः शरीर की रिकवरी के लिए जरूरी विश्राम।तनाव प्रबंधनः मानसिक शांति और संतुलन। नियमित व्यायामः सक्रिय दिनचर्या। श्री श्याम हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. मनोज गुप्ता ने भी इन विचारों का समर्थन करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपनी दिनचर्या और खान-पान को सुधार ले, तो वह बीमारी को जड़ से खत्म कर सकता है।

डॉ. रोशनी ने अपनी पुस्तक का उल्लेख करते हुए एक सकारात्मक संदेश दिया कि डायबिटीज को न केवल नियंत्रित किया जा सकता है, बल्कि इसे 'रिवर्स' (पूरी तरह ठीक) भी किया जा सकता है।

# वन राज्यमंत्री ने किया दिवाकरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

## 50 हजार से अधिक आबादी को मिलेगी निःशुल्क व बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शुक्रवार को अलवर जिले के दिवाकरी में करीब 1.60 करोड़ रूपये लागत राशि से बनने वाले राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का विधि विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास किया तथा महिलाओं से नींव में शिला रखवाकर नजीर पेश की।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का बजट में ग्राम पंचायत दिवाकरी में सब सेंटर को पीएचसी क्रमोन्नत करने पर आभार जताते हुए कहा कि आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र



का शिलान्यास किया गया है तथा इसी वर्ष इसे पूरी तरह तैयार कर चालू करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएचसी के शुरू होने से स्थानीय लोगों को ही नहीं बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के 50 हजार से अधिक ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधा, निःशुल्क जांच व दवा का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में अलवर का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। इसी दिशा में कार्य करते हुए जिले के चहुंमुखी विकास के काम कराए जा रहे हैं।

अलवर शहर में चिकित्सा सुविधा में हो रहा है तेजी से इजाफा —

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने की दिशा में निरन्तर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अलवर शहर को विशेष तरजीह देते हुए शिवाजी पार्क पीएचसी को सीएचसी में तथा रूपबास सबसेंटर को पीएचसी में क्रमोन्नत किया है, जिनके भवन को शीघ्र तैयार कराया जाएगा। साथ ही शिशु वार्ड को शिशु अस्पताल का दर्जा दिया गया है, जिसका काम भी शीघ्र चालू होगा। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में मरीजों की बढती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए इसी वर्ष बजट में 650 बैड संख्या को बढाकर 750 बैड किया गया है। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से मरीजों को राहत प्रदान करने हेतु जिला चिकित्सालय में ही पैथोलॉजी विभाग में फाइन निडल एस्पाइरेशन साइटोलॉजी (एफएनएसी) केंद्र का उद्घाटन कर कैंसर एवं अन्य रोगों की जांच सेवा का शुभारंभ किया तथा करीब 50 करोड रूपये के बजट राशि से अस्पताल में ही कैंसर की जांचें शुरू की जाएगी।

उन्होंने कहा कि दिवाकरी अलवर विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र में आता है। नगर निगम के परिसीमन में इस क्षेत्र को नगर निगम में जोडा गया है, जिससे क्षेत्र के विकास को और अधिक गति मिल रही है। उन्होंने क्षेत्रवासियों द्वारा अवगत कराए गए सभी विकास के कार्यों को प्राथमिकता में रखते हुए पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने पीएचसी परिसर में पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## सम्पादकीय

# अविश्वास का खतरनाक विस्तार

महाभियोग की जटिल प्रक्रिया के चलते विपक्ष की इस मुहिम की सफलता संदिग्ध ही है। निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार चुनाव आयोग के मुखिया तथा लोकसभा के अध्यक्ष पर विपक्ष का अविश्वास लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं हैं।

राज्यसभा के सभापति रहे जगदीप धनखड़, फिर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के बाद अब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध महाभियोग का नोटिस सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच अविश्वास के खतरनाक विस्तार का ही संकेत है। चुनाव केंद्रित संसदीय राजनीति में दलगत विरोध अप्रत्याशित नहीं हैं। अतीत में भी कई बार किसी मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष में टकराव के चलते कई-कई दिन संसद नहीं चल पाई।

पूरा सत्र ही गतिरोध की भेंट चढ़ जाने के उदाहरण भी हैं, लेकिन 2014 के बाद राजनीतिक टकराव परंपराएं और लक्ष्मण रेखाएं लांघता दिख रहा है। 2024 के अंत में राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव प्रक्रियागत और तकनीकी त्रुटियों के चलते नोटिस से आगे नहीं बढ़ पाया था। उपसभापति हरिवंश ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस नियमानुसार 14 दिन पहले न देने के आधार पर खारिज करते हुए बताया था कि जगदीप धनखड़ के नाम की स्पेलिंग भी गलत लिखी गई थी।

अतीत में भी तीन बार लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव आया और हर बार गिरा भी, क्योंकि उनका चयन ही बहुमत से होता है। अल्पमत विपक्ष उन्हें हटा ही नहीं सकता, जब तक कि सत्तापक्ष में विभाजन की नौबत न आए। लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाने का सीधा अर्थ है कि बहुमत खो चुकी सरकार को भी जाना पड़ेगा। अल्पमत विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव का उद्देश्य स्पीकर के प्रति असंतोष की अभिव्यक्ति ही होता है। तथ्यात्मक गलतियां ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव में भी थीं, पर उन्होंने स्वयं उन्हें ठीक कराते हुए पेश होने दिया।

ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव गंभीर आरोप-प्रत्यारोप और टकराव की हद तक चला गया तो उसके मूल में पिछली लोकसभा की कटुता भी रही, जब बिरला ही स्पीकर थे। तब रिकार्ड संख्या में विपक्षी सांसद निलंबित किए गए। उस वक्त राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष नहीं थे, पर बोलने न देने और माइक बंद कर देने के आरोप तब भी लगे थे। किसी भी सदन का संचालन अध्यक्ष की जिम्मेदारी है, पर सत्तापक्ष और विपक्ष की परस्पर समझदारी और सम्मान भाव से ही सदन सुचारु रूप से चल सकता है, लेकिन वे तो एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहाते। सत्तापक्ष के विरुद्ध विपक्ष की आक्रामकता का नजला स्पीकर पर गिरा। अविश्वास प्रस्ताव की परिणति जानते हुए ही विपक्ष ने मत विभाजन नहीं मांगा, लेकिन इससे यह सच नहीं बदलता कि स्पीकर पर विपक्ष का विश्वास नहीं है। अतीत में स्पीकर की भूमिका के अनुभव मिश्रित रहे हैं।

जिस ब्रिटेन से हमारी संसदीय प्रणाली प्रेरित है, वहां स्पीकर किसी दल के सदस्य नहीं होते। अपने देश में भी कभी लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर नीलम संजीव रेड्डी ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा दिए बिना भी दोनों पक्षों का सम्मान हासिल करते हुए सुचारु सदन संचालन के सोमनाथ चटर्जी और पीए संगमा सरीखे उदाहरण हैं, लेकिन अब बढ़ते तनाव से इस संस्था की साख प्रभावित होने लगी है। यह राजनीतिक दलों की सामूहिक चिंता का विषय होना चाहिए। व्यक्ति आते-जाते रहेंगे, लेकिन संस्थाओं की साख पर आंच नहीं आने देनी चाहिए।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 21 मार्च की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- 1999 - ब्रिटिश हास्य अभिनेता एर्नीवाइस का निधन।
- 2000 - ताइवान की संसद ने चीन के साथ सीधे तौर पर व्यापार और परिवहन पर पिछले 50 सालों से चले आ रहे प्रतिबंध को समाप्त किया, गिरिजा प्रसाद कोइराला नेपाल के नये प्रधानमंत्री नियुक्त।
- 2006 - रूस और चीन ने रक्षा व ऊर्जा के क्षेत्र में तीन बड़े समझौते किये।
- 2008 - मारुती सुजुकी इंडिया लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक जगदीश खट्टर को 'जेडी पावर एण्ड एसोसिएटेड फाऊंडर अवार्ड' से सम्मानित किया गया।
- वैज्ञानिकों ने शनि ग्रह के चंद्रमा टाइटन पर महासागर होने के नये साक्ष्य प्राप्त किये।

### 21 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1955 - जेयर बोलसोनारो - ब्राज़ील के 38वें राष्ट्रपति हैं।
- 1887 - मानवेन्द्र नाथ राय - वर्तमान शताब्दी के भारतीय दार्शनिकों में क्रान्तिकारी विचारक तथा मानवतावाद के प्रबल समर्थक।
- 1912 - ख़्वाजा ख़ुर्शीद अनवर - प्रसिद्ध संगीतकार थे।
- 1916 - शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्ला ख़ान।
- 1978 - रानी मुखर्जी - भारतीय अभिनेत्री हैं।
- 1934 - बूटा सिंह - कांग्रेस के वरिष्ठ राजनेता तथा भूतपूर्व गृहमंत्री थे।
- 1925 - पीटर ब्रुक - अंग्रेज़ नाटक निर्देशक हैं।
- 1923 - नटराज रामकृष्ण - भारत के एक नृत्य गुरु थे।

### 21 मार्च को हुए निधन

- 1827 - दौलतराव शिन्दे, महादजी शिन्दे के भाई तुकोजीराव होल्कर का पौत्र था।
- 1952 - केशव प्रसाद मिश्र - हिन्दी के प्रमुख साहित्यकारों में से एक।
- 2003 - शिवानी, प्रसिद्ध उपन्यासकार
- 2009 - मेजर मोहित शर्मा - भारतीय सेन्य अधिकारी थे, जिन्हें मरणोपरांत 'अशोक चक्र' से सम्मानित किया गया था।

### महत्त्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

- विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस
- नौरोज़
- विश्व वानिकी दिवस
- विश्व कठपुतली दिवस
- अंतरराष्ट्रीय रंगभेद उन्मूलन दिवस
- विश्व कविता दिवस

## विशेष आलेख

# एक नया भारत, जहां हर नन्हीं सांस सुरक्षित कल की नींव रखती है


कृति आरके जैन

**ननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को कम किया। यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के जरिए बच्चों को समय पर टीकाकरण मिला, जिससे कई घातक बीमारियों पर नियंत्रण संभव हुआ।**

भारत ने इतिहास रच दिया है—और इस बार यह उपलब्धि किसी युद्ध, अर्थव्यवस्था या तकनीक की नहीं, बल्कि मानवता की सबसे कोमल धरोहर, हमारे बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी है। वह देश, जहां कभी हर हजार में सैकड़ों बच्चे पांच साल की उम्र तक पहुंचने से पहले ही जिंदगी हार जाते थे, आज उसी भारत में बचपन पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित और आश्वस्त नजर आता है। लगभग तीन दशकों में बाल मृत्यु दर में 79 प्रतिशत की ऐतिहासिक गिरावट केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की आंखों में लौटी मुस्कान और अनगिनत सपनों की नई शुरुआत है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट ने इस परिवर्तन को न केवल स्वीकारा है, बल्कि भारत की खुले दिल से सराहना करते हुए इसे वैश्विक उदाहरण बताया है। यह वह क्षण है जब हर भारतीय को गर्व से भर जाना चाहिए।

बीते तीन दशकों में भारत ने जो बदलाव देखा है, वह किसी चमत्कार से कम नहीं है। 1990 में जहां हर 1000 में से 127 बच्चों की मौत पांच साल से पहले हो जाती थी, वहीं 2024 तक यह आंकड़ा घटकर सिर्फ 27 रह गया है। नवजात शिशुओं की मृत्यु दर भी 57 से घटकर 17 प्रति 1000 हो गई है। ये आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि उन असंख्य जीवनों की कहानी हैं जिन्हें समय रहते बचाया गया। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट इन तथ्यों की पुष्टि करती है, जिससे यह उपलब्धि और भी विश्वसनीय और महत्वपूर्ण बनती है। यह परिवर्तन दिखाता है कि मजबूत इच्छाशक्ति और सटीक नीतियों के साथ असंभव भी संभव हो सकता है।

भारत की प्रगति को 2025 की यूएन आईजीएमई रिपोर्ट ने प्रभावशाली ढंग से रेखांकित किया है। इसके अनुसार, अंडर-5 मृत्यु दर में 79 प्रतिशत और नवजात मृत्यु दर में लगभग 70 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। दक्षिण एशिया में भी भारत ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए कुल कमी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वैश्विक स्तर पर जहां कई देशों की प्रगति धीमी पड़ रही है, वहीं भारत ने निरंतर सुधार बनाए रखते हुए खुद को 'एक्जेम्पलर' यानी आदर्श के रूप में स्थापित किया है। इतनी बड़ी और विविध आबादी के बावजूद यह उपलब्धि दिखाती है कि सही रणनीति और समर्पण से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

इन बदलावों के पीछे भारत सरकार की योजनाओं और नीतियों का मजबूत तंत्र सक्रिय रहा है। जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को कम किया। यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के जरिए बच्चों को समय पर टीकाकरण मिला, जिससे कई घातक बीमारियों पर नियंत्रण संभव हुआ। स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट्स और टेली-एसएनसीयू जैसी पहलों ने दूरदराज क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाईं। साथ ही आईएमएनसीआई जैसी योजनाओं ने बच्चों के बीमार होने पर त्वरित और प्रभावी इलाज सुनिश्चित किया। यही समन्वित प्रयास आंकड़ों को वास्तविक उपलब्धियों में बदलने का आधार बना।

क्षेत्रीय संदर्भ में देखें तो दक्षिण एशिया में भारत की भूमिका बेहद अहम रही है। वर्ष 2000 में जहां इस क्षेत्र की बाल मृत्यु दर 92 प्रति 1000 थी, वह 2024 तक घटकर 32 रह गई—जिसमें भारत का योगदान सबसे अधिक है। वैश्विक स्तर पर भी भारत ने अपनी हिस्सेदारी में उल्लेखनीय कमी दर्ज की है। 1990 में अंडर-5 मौतों में भारत की बड़ी भागीदारी थी, जो अब काफी घट चुकी है (दक्षिण एशिया कुल वैश्विक मौतों का लगभग 25% है, जिसमें भारत प्रमुख रहा है)। नवजात मौतों में भी भारत ने उल्लेखनीय गिरावट हासिल की है। जहां उप-सहारा अफ्रीका अभी भी उच्च मृत्यु दर से जूझ रहा है, वहीं भारत ने दिखाया है कि विकासशील देश भी ठोस रणनीति और निरंतर प्रयासों से तेज सुधार कर सकते हैं।

जमीनी स्तर पर इन उपलब्धियों का प्रभाव सबसे स्पष्ट रूप से नजर आता है। अब गांवों और कस्बों में भी माता-पिता अपने बच्चों के स्वस्थ जीवन को लेकर पहले से अधिक आश्वस्त हैं। संस्थागत प्रसव बढ़ने से जन्म के समय जोखिम घटे हैं, वहीं टीकाकरण अभियानों ने पोलियो, खसरा जैसी बीमारियों को लगभग समाप्ति तक पहुंचा दिया है। विशेष नवजात देखभाल इकाइयों ने समय से पहले जन्मे या कम वजन वाले बच्चों को बचाने में अहम भूमिका निभाई है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि अधिकांश बाल मृत्यु रोकी जा सकती थीं—और भारत ने इन्हें रोककर नई उम्मीद की नींव रखी है। यह बदलाव केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास का भी प्रतीक है।

सफलता के इस मुकाम पर भी चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं। 2024 में वैश्विक स्तर पर 49 लाख बच्चों की मौत हुई, जिनमें 23 लाख नवजात शामिल हैं—यह स्थिति की गंभीरता दिखाता है। भारत में भी कुछ क्षेत्रों में असमानताएं बनी हैं, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता सुधार की मांग करती है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि सतत विकास लक्ष्यों के लिए प्रयासों की गति बढ़ानी होगी। स्टिलबर्थ सर्विलांस गाइडलाइंस जैसे कदम बताते हैं कि भारत भविष्य की चुनौतियों के प्रति भी सजग है। यही दूरदृष्टि आगे का रास्ता सुरक्षित करेगी।

भारत की यह कहानी केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि प्रेरणा है—एक ऐसा उदाहरण जो दुनिया को सिखाता है कि जनसंख्या, संसाधन या भौगोलिक चुनौतियां सफलता में बाधा नहीं बनतीं, यदि नीतियां समावेशी और लक्ष्य स्पष्ट हों। आज जरूरत है कि इस प्रगति को बनाए रखा जाए और इसे और आगे बढ़ाया जाए। हर बच्चे को सुरक्षित, स्वस्थ और खुशहाल बचपन देना केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। यदि यह प्रयास निरंतर जारी रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत न केवल आर्थिक महाशक्ति बनेगा, बल्कि मानवीय विकास का भी सर्वोत्तम उदाहरण होगा—जहां हर बचपन सूरज की तरह उज्ज्वल, सुरक्षित और उम्मीदों से भरा होगा।

***ये लेखक के अपने निजी विचार हैं।***

# ईद का सच - खुशी बाँटने में मिलती है, रखने में नहीं


प्रो. आरके जैन

ईद-उल-फ़ित्र केवल एक सामान्य उत्सव नहीं, बल्कि आत्मसंयम, धैर्य और आध्यात्मिक शक्ति की सर्वोच्च विजय का अनुपम प्रतीक है। रमज़ान की तपस्या ने शरीर को शुद्ध किया, मन को स्थिर और अडिग बनाया, और आत्मा में गहरी संतुलन और ताकत भर दी। परिवार और मित्रों के साथ गले मिलना, मिठाइयाँ बाँटना, जरूरतमंदों की मदद करना और नमाज़ पढ़ना केवल परंपरा नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सौहार्द और एकजुटता का सजीव संदेश है। ईद यह सिखाती है कि असली स्वतंत्रता केवल अनुशासन, आत्मसंयम और सामाजिक जिम्मेदारी में निहित है, और यही मूल्य जीवन को सार्थक, स्थिर और पूर्ण बनाते हैं। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि वास्तविक खुशी बाहरी भोग-भंडार में नहीं, बल्कि आंतरिक शक्ति, साझा संवेदनाओं और मानवता की गहन समझ में है।

ईद-उल-फ़ित्र वह क्षण है जब आत्मा और मन का पुनर्जागरण अपनी पूर्णता पर पहुँचता है। पूरे महीने की अनुशासित दिनचर्या ने दिमाग और आत्मा को संयम, धैर्य और संतुलन का पाठ पढ़ाया है। यह दिन आज की डिजिटल और तुलना-प्रधान दुनिया में वास्तविक मानवीय संबंधों और गहरे संवाद की याद दिलाता है। परिवार और मित्रों के साथ बिताया गया समय, बिना किसी स्क्रीन के खुला संवाद, और दुआएँ जो केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि पूरे समाज और मानवता के कल्याण के लिए होती हैं, भीतर से शांति और नई ऊर्जा भरती हैं। माफी और क्षमा का संदेश इस दिन और भी स्पष्ट रूप से प्रकट होता है, जो हर व्यक्ति के भीतर नई शुरुआत, आत्मविश्वास और जीवन की सच्ची शक्ति जगाता है।

ईद-उल-फ़ित्र केवल त्योहार नहीं, बल्कि रमज़ान के अनुशासन के साथ-साथ आज के समय में पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवन के महत्व का भी प्रेरणादायक संदेश है। इस दिन तैयार होने वाले भोजन को आवश्यकता के अनुसार रखना और अनावश्यक बर्बादी से बचना इस्लामी शिक्षाओं (इसराफ़ न करने) के अनुरूप है। नए कपड़े पहनने की परंपरा न केवल उत्सव की खुशी बढ़ाती है, बल्कि पुराने कपड़ों को दान कर जरूरतमंदों तक पहुँचाने का संदेश भी देती है, जो सस्टेनेबल फैशन को प्रोत्साहित करता है। फितरा और ज़कात गरीबों और अनाथों को शामिल करने का अवसर प्रदान करते हैं, जबकि घर पर और प्राकृतिक तरीके से बनाई गई मिठाइयाँ प्रोसेस्ड फूड के प्रति सतर्कता की प्रेरणा देती हैं। ईद हमें यह सिखाती है कि लालच से दूर रहकर, संसाधनों का सम्मान करके और सामूहिक संतोष अपनाकर, जीवन और समाज में संतुलन कायम किया जा सकता है।

ईद-उल-फ़ित्र युवाओं के लिए केवल त्योहार नहीं, बल्कि आत्मिक और मानसिक सशक्तिकरण का अवसर है। यह दिन उन्हें वर्चुअल दुनिया से बाहर निकलकर असली रिश्तों और संवाद में निवेश करने की प्रेरणा देता है। तनाव और चिंता से जूझ रहे युवाओं के लिए ईद अनुशासन और संयम की ताकत याद दिलाती है, जिससे आत्मविश्वास और साहस बढ़ता है। खेल, मिलन समारोह और सामाजिक गतिविधियाँ टीम भावना, सहयोग और सामूहिक समझ का संदेश देती हैं। असली खुशी सोशल मीडिया में नहीं, बल्कि वास्तविक कनेक्शन और साझा अनुभव में निहित है। यह त्यौहार युवाओं को नई ऊर्जा और उत्साह देता है, ताकि वे अपने सपनों और करियर की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ सकें।

***ये लेखक के अपने निजी विचार हैं।***

## लघुकथा
बढ़ता राजस्थान

### देवताओं का फ़ैसला

प्रात:काल महाराज उठे उन्होंने आज्ञा दी, कि शाही दरवाज़े के भिक्षुकों को सम्मान से हमारे सामने पेश किया जाये।

उस रात उसने एक अनुपम सपना देखा था, और उसकी याद अभी तक उसकी आँखों में चमक रही थी। इसलिए उसने उन भिक्षुकों को कृपादृष्टि से देखा, और उनमें से हर एक को सोने की एक-एक सौ मोहर दान दी। सारे शहर में जय-जयकार होने लगा।

उसी शहर में एक गरीब किसान रहता था, जिसे दिन-रात के परिश्रम के बाद केवल खाने-पीने को ही प्राप्त होता था।

दोपहर के समय किसान ने अपनी स्त्री से कहा- 'मेरा भाई मर गया है। अब उसके अनाथ बच्चे को भी हमें पालना होगा।'

'मगर' किसान को स्त्री ने कहा - 'हम गरीब हैं। हमें तो दोनों समय खाना भी मुश्किल से मिलता है।'

किसान ने उत्तर दिया - 'कोई चिन्ता नहीं। हम थोड़ा-थोड़ा करके तीनों खा लेंगे ।'

रात को जब आकाश पर देवताओं की सभा हुई, और दिन का हिसाब-किताब हुआ, तो उन्होंने निर्णय किया कि 'किसान के दान के सामने महाराजा के दान का कुछ भी महत्त्व नहीं है।

'यह कहानी मूल रूप से रूस के एक कथाकार ने लिखी थी। हिंदी कथाकार सुदर्शन की एक पुस्तक में भी इसका उल्लेख किया गया है।'

## हेल्थ टिप्स
बढ़ता राजस्थान

# दिल्ली-एनसीआर में कोल्ड वेव का कहर!

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली कड़ाके की ठंड में ठिठुर रही है। इस बीच गुरुवार को मौसम की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की गई। गुरुवार को दिल्ली के सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, कल दिल्ली में न्यूनतम तापमान 04एष्ट से 06एष्ट के बीच रहेगा। राजधानी दिल्ली में पिछले चार दिनों से शीतलहर (कोल्ड वेव) को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। शीतलहर सिर्फ ठिठुरन नहीं बढ़ाती, बल्कि दिल, फेफड़े, डायबिटीज और किडनी के मरीजों के लिए जानलेवा बन सकती है। ऐसे मौसम में सबसे ज्यादा खतरा बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को होता है। यह सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी बन सकती है, खासकर बुजुर्गों, बच्चों और पहले से बीमार लोगों के लिए। ऐसे में जरूरी है कि कोल्ड वेव से खुद को सुरक्षित रखने के लिए जरूर कदम उठाए जाएं। आज इस लेख में नारायणा अस्पताल, गुरुग्राम के निदेशक एवं वरिष्ठ सलाहकार - आंतरिक चिकित्सा, डॉ. एम.के. सिंह से जानेंगे कड़ाके की ठंड बचने के कुछ असरदार उपायों के बारे में। तो आइए, जानते हैं इसके बारे में विस्तार से -

ठंड के मौसम में सबसे पहले असर हमारी इम्यूनिटी पर पड़ता है। कम तापमान के कारण शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार और वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, ठंड में रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। यही वजह है कि हार्ट पेशेंट्स में हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा इस मौसम में अधिक देखा जाता है।

कोल्ड वेव का असर सांस से जुड़ी बीमारियों पर भी साफ दिखाई देता है। ठंडी हवा सांस की नलियों को संकुचित कर देती है, जिससे अस्थमा, सीओपीडी और ब्रोंकाइटिस के मरीजों को सांस लेने में परेशानी हो सकती है। वहीं, जोड़ों और मांसपेशियों में अकड़न बढ़ने से घुटनों और कमर का दर्द भी आम समस्या बन जाता है। बहुत अधिक ठंड में लंबे समय तक रहने से हाइपोथर्मिया की स्थिति भी पैदा हो सकती है, जिसमें शरीर का तापमान सामान्य से नीचे चला जाता है।

इस कड़ाके की ठंड से खुद को सुरक्षित रखने के लिए कुछ जरूरी सावधानियां अपनाना बेहद जरूरी है। सबसे पहले, बाहर निकलते समय शरीर को पूरी तरह ढककर रखें। एक ही भारी कपड़े के बजाय परतों में कपड़े पहनना ज्यादा प्रभावी होता है। सिर, कान और गर्दन को ढकना न भूलें, क्योंकि इन हिस्सों से शरीर की गर्मी जल्दी निकलती है। सुबह जल्दी और देर रात बाहर निकलने से बचें, क्योंकि इसी समय ठंड सबसे ज्यादा होती है। खानपान का भी इस मौसम में खास ध्यान रखना चाहिए। गर्म, पौष्टिक और इम्यूनिटी बढ़ाने वाला भोजन शरीर को अंदर से मजबूत बनाता है। सूप, हल्दी वाला दूध, अदरक और लहसुन जैसी चीजें ठंड से बचाव में मदद करती हैं। पर्याप्त पानी पीते रहना भी जरूरी है, भले ही प्यास कम लगे।

## आज का राशिफल

### मेष
भाग्योदय का समय है। किसी बदलाव की दिशा में काम आगे बढ़ेगा। परिवार से जुड़े किसी मुद्दे पर आपसी बातचीत के अच्छे नतीजे सामने आएंगे। विद्यार्थी अपना कोई प्रोजेक्ट पूरा करके गर्व महसूस करेंगे। दूसरों की बातों पर बिना सोचे-समझे भरोसा न करें। आपका गुस्सा और जल्दबाजी कई बार आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। कुछ समय आत्ममंथन में भी लगाएं।

### वृष
आज का दिन सतर्कता से चलने का है। यही सावधानी आपको किसी परेशानी से बचाएगी। अपना व्यवहार और सोच सकारात्मक रखें। अनुभवी लोगों का साथ आपको नई दिशा देगा। अध्यात्म में रुचि आपका स्वभाव और विनम्र बनाएगी।

### मिथुन
फाइनेंस से जुड़े काम समय पर पूरे हो जाएंगे। संतान की तरफ से कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशी का माहौल रहेगा। विदेश यात्रा के इच्छुक लोगों का परिवार के साथ कोई प्रोग्राम बन सकता है।

### कर्क
ग्रह स्थिति में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। अच्छे अवसरों का लाभ उठाने के लिए एक्टिव रहें। नई जानकारियां हासिल करने में रुचि रहेगी, जिससे आपकी नॉलेज और व्यक्तित्व दोनों में निखार आएगा।

### सिंह
मित्रों और संबंधियों के साथ विचारों का आदान-प्रदान मन को प्रसन्न रखेगा। पारिवारिक सुख-सुविधाओं के लिए शॉपिंग होगी और खर्च का ज्यादा असर महसूस नहीं होगा। दोपहर बाद कोई खुशखबरी मिल सकती है।

### कन्या
आज किसी करीबी व्यक्ति के सहयोग से कोई रुका काम दोबारा शुरू हो सकता है। इससे आपका खोया हुआ आत्मविश्वास वापस आएगा। युवाओं को करियर से जुड़ी किसी चिंता का समाधान मिल सकता है।

### तुला
किसी करीबी संबंधी के आने जैसी शुभ सूचना मिल सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। कोई पारिवारिक यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। पास-पड़ोस में चल रहा विवाद सुलझने से संबंधों में मिठास बढ़ेगी।

### वृश्चिक
महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात लाभदायक रहेगी। घर और व्यवसाय दोनों जगह अच्छा तालमेल बना रहेगा। अगर कोई पारिवारिक मामला उलझा है, तो आज उसका समाधान निकल सकता है।

### धनु
आज किसी भी काम के प्रति आपकी मेहनत और लगन आपको लक्ष्य तक जरूर पहुंचाएगी। आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़े किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिल सकता है। विद्यार्थी अपने लक्ष्य पर एकाग्र रहेंगे।

### मकर
आप अपने आत्मविश्वास और मनोबल के सहारे किसी खास लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहेंगे। कोई नई मित्रता भी विकसित हो सकती है। घर के रखरखाव से जुड़ी योजना में परिवार का सहयोग मिलेगा।

### कुंभ
कुछ अनुभवी लोगों के साथ रहने से आपको सकारात्मक अनुभव और सीख मिलेगी। इससे मुश्किल समस्याओं का हल ढूंढने में मदद मिलेगी। प्रॉपर्टी से जुड़े किसी काम को पूरा करने के लिए समय अच्छा है।

### मीन
दिन सुखद रहेगा। कुछ फायदेमंद मौके मिलेंगे, लेकिन उनका सही इस्तेमाल आपकी क्षमता पर निर्भर करेगा। अनुभवी और वरिष्ठ लोगों का मार्गदर्शन बना रहेगा, जिससे सकारात्मक ऊर्जा महसूस होगी। मित्रों से मुलाकात होगी।

किसान प्रशिक्षण

# 450 किसानों को उन्नत कृषि तकनीक व आदान सामग्री का वितरण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** अनुसूचित जाति उप-योजना (एससीएसपी) के अंतर्गत भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), नई दिल्ली द्वारा तहसील वजीरपुर के सेवा गांव में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'ग्रीष्मकालीन फसलों हेतु उन्नत उत्पादन प्रौद्योगिकियां एवं कृषि आदान वितरण' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सेवा के लगभग 450



अनुसूचित जाति किसान लाभान्वित हुए।

कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया गया तथा इसकी समन्वय व्यवस्था डॉ. शशि मीणा (वैज्ञानिक, आईएआरआई) द्वारा की गई।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. शशि मीणा ने किसानों को संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन, उन्नत कृषि तकनीकों एवं नई फसल किस्मों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने गेहूं की उन्नत किस्में एचडी-3385 एवं एचडी-3386 अपनाने तथा आय बढ़ाने के लिए सब्जी उत्पादन को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

कार्यक्रम में वैज्ञानिकों एवं कृषि विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। डॉ. इंदु चोपड़ा (वरिष्ठ वैज्ञानिक, मृदा विज्ञान) ने मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, नमूना परीक्षण एवं एसएफटीआर किट के उपयोग के बारे में बताया। वहीं डॉ. संदीप कुमार (पर्यावरण विज्ञान) ने कीटनाशकों के संतुलित एवं न्यूनतम उपयोग की सलाह दी। डॉक्टर ललित कृष्ण मीना कृषि वैज्ञानिक सरसो अनुसंधान केंद्र सेवर ने किसानों को सरसो की खेती से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। सहायक कृषि अधिकारी पिंटू मीणा ने राज्य सरकार की कृषि योजनाओं एवं एकीकृत कृषि प्रणाली की जानकारी साझा की। मुकेश कुमार मीना तकनीकी सहायक पूसा नई दिल्ली ने किसानों को फसल में लगने वाले रोग कीट व्यधियों की जानकारी प्रदान की।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों को दरांती, आयरन बाल्टी, छतरी, तिरपाल शीट, मूंग व बाजरा के उन्नत बीज, सब्जी किट तथा प्रशिक्षण किट सहित विभिन्न कृषि आदान सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय जनप्रतिनिधियों रूपसिंह मीणा एवं रामनिवास मीणा के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर किसानों ने आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन एवं आय बढ़ाने का संकल्प लिया।

## शुक्रवार को माहे रमजान के आखिरी जुम्मे की नमाज में खुदा की बारगाह में सैकड़ो शीश झुकेगा

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** शुक्रवार को देवली शहर की तमाम मस्जिदों में माहे रमजान के अंतिम जुम्मे में 'अलविदा जुम्मा' जुमातुलविदा के अवसर रमजानियों ने जुमा तुल विदा की नमाज़ अदा की । समाज की सेवक मोहम्मद इदरीश मैं जानकारी में बताया कि देवली शहर की

शाही जामा मस्जिद में शाही इमाम हाफ़िज़ कारी आमान रज़ा संभली,,, अल अंसार मस्जिद में कारी हिदायतुल्लाह खान ,,, एजेंसी एरिया मस्जिद में मुफ्ती बरतुल्लाह खान, जयपुर रोड स्थित ष्ट्ढस्स्न मस्जिद में हाफ़िज़ मुकीम रज़ा,,, कोटा अजमेर बाय पास स्थित मस्जिद में हाफ़िज़ रहबर रज़ा मुराबादी ,,,

प्रताप नगर मस्जिद ए गौसिया में हाफ़िज़ शाहिद रजा,,

देवली गांव मस्जिद में मौलाना शमीउल्लाह रज़ा ने जुमातुलविदा की नमाज़ अदा करवाई। इस मुबारक अवसर पर शाही इमाम हाफ़िज़ अमान रज़ा माहे रमजान की बरकतों पर प्रकाश डालते हुए माहे रमजान की खूबियां के बारे में बताया साथ ही रमजान के बाद भी इन पर अमल करने की बात कही,, और कहां की बुराई से दूर और नेक काम करने की तबीयत जो एक माह में हर मुसलमान को मिली है,, वह अपने जीवन में भी उतार कर बाकी के 11 महीना में भी अमल करें,, इस दौरान सदर मस्जिद के शाही इमाम हाफिज अमन रज़ा द्वारा जानकारी दी गई की

# ब्राह्मण समाज ने गौतम जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली

## साथ ही प्रतिभाओं सहित वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित भी किया

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा गौतम जयंती को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर गौतम हितकारिणी सभा के अध्यक्ष कैलाश पंचोली एवं बृजेश भारद्वाज अमित गौतम ने कार्यक्रम को सफल बनाने मैं अहम भूमिका निभाई और यह भी बताया कि इस अवसर पर गौतम जयंती की पूर्व संध्या पर रात्रि 8 बजे से सुंदरकांड का आयोजन रखा गया। वही 19 मार्च को सुबह हवन पूजा अर्चना कि गई। भगवान गौतम जयंती पर दोपहर 3 बजे बस स्टैंड स्थित गौतम मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई जो कि शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए ज्योति कॉलोनी स्थित गौतम सेवा सदन धर्मशाला पर पहुंची। इससे पहले शहर भर में सभी समाज वर्ग द्वारा विभिन्न जगहों पर शोभायात्रा



पर पुष्पवर्षा की गई।

इस कार्यक्रम के तहत गुरुवार शाम को प्रतिभावान छात्र-छात्राओं द्वारा दसवीं, सीनियर, स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओ में 80% या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले व साथ ही एनआईआईटी, जेईई, आईआईटी, आर ए एस,आर टी एस में चयनित छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों का भी सम्मान किया गया। इस दौरान अमित गौतम ने बताया कि शाम को महर्षि गौतम जी की आरती के पश्चात सामूहिक भोज का आयोजन रखा गया। गौतम महिला मंडल की सुनीता पत्रिया व अन्नू शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को मेहंदी, रंगोली, चेयर रेस, चम्मच रेस व बालिकाओं व महिलाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किये गए। पावन पर्व के अवसर.पर आशीष पंचोली ने बताया कि इस समारोह में 16 प्रतिभाओ सहित 26 वरिष्ठ नागरिकों को समान्नित किया गया। इस दौरान जहाजपुर पूर्व प्रधान प्रतिनिधि कौशल किशोर शर्मा व पूर्व सरपंच अर्पित जोशी भी अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। इस दौरान समाज की ओर से पूर्व अध्यक्ष रमेश चाष्टा व राधेश्याम श्रोती डिग्गी वालो द्वारा दुपट्टा व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। वही अंत मे पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण सरसडी, संरक्षक राजेन्द्र शर्मा, तुलसीराम शर्मा, दशरथ शर्मा, अनिल गौतम, सत्येंद्र व्यास, रामलक्ष्मण शर्मा (जजावर), सतीश चाष्टा, नरेंद्र चाष्टा, संजय शर्मा (गंगागुरिया), अभय शर्मा एवं संदीप कांटिया धर्मेंद्र जोशी, विनय जोशी, राजेश शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, मुरलीधर शर्मा, सुनील शर्मा, गंगाधर शर्मा व महेश जोशी ने सफल आयोजन के लिए सभी समाज बंधुओं का आभार प्रकट किया।

## टोंक में ओले गिरने से फसलें खराब

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( पुरूषोत्तम जोशी )।** जिले में बारिश ओलावृष्टि से मूंग और गेहूं फसल नुकसान हुआ, वहीं तापमान 7 डिग्री गिरने से ठंडक बढ़ गई। गुरुवार मध्यरात्रि बाद मौसम बदला और शुक्रवार अल सुबह सोप समेत कई गांवों में बारिश के साथ ओले गिरे। इससे रबी की मूंग फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ, जबकि तापमान में गिरावट से लोगों को गर्मी से राहत मिली। शुक्रवार सुबह भी कई जगह बादल छाए नजर आए। टोंक मुख्यालय समेत जिले के कई हिस्सों में गुरुवार मध्यरात्रि बाद मौसम बदल गया। कई इलाकों में हल्की और मध्यम गति से बेमौसम बारिश हुई। शुक्रवार को भी लगातार दूसरे दिन मौसम में ठंडक बनी रही। शुक्रवार अल सुबह करीब 5 बजे सोप उप तहसील मुख्यालय समेत आसपास के गांवों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। सोप ग्राम पंचायत क्षेत्र के मनोहरपुरा समेत एक दर्जन गांवों में करीब दस मिनट तक ओले गिरे, जिससे खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान हुआ। हाल ही में बोई गई रबी की मूंग फसल ओलावृष्टि की चपेट में आ गई।

## मिलावटखोरों के बढ़ते हौंसले, 1850 किलो खाद्य पदार्थ सीज

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( पुरूषोत्तम जोशी )।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा डॉक्टर टी शुभ मंगला के निर्देशन में जयपुर से आये केंद्रीय दल के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने टोंक में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 1850 किलो खाद्य पदार्थ सीज कर नष्ट कराया गया।

सीएमएचओ टोंक डॉक्टर शैलेंद्र चौधरी ने बताया की खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने केरिया गांव स्थित सरस के चिलिंग सेंटर से एक नमूना एफएसएस एक्ट के तहत लिया।

यहां से दूध मालपुरा के सरस प्लांट पर जाता है वहां से जानकारी ली की उनके यहां दूध में लगभग 40 तरह के टेस्ट करने के उपरांत दूध को खाली कराया जाता है।

केरिया गांव से जानकारी मिली कि यहां से दूध इकट्ठा होकर मालपुरा में अलग-अलग डयरी में जाता है। इसके उपरांत मालपुरा में पतंजलि डयरी पर पहुंचे और जहां काफी कमियां पाई गई 7 जिसकी फर्द तैयार की गई जिसके लिए इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया जावेगा।

यहां से एक नमूना एक्ट के तहत लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने टोंक स्थित कासलीवाल किराना स्टोर से



350 किलो बाजार में बिकने वाला घी धेनु सरस का नमूना लेकर लगभग 300 किलो घी धेनु सरस चीज किया तथा 200 किलो अवधि पार खाद्य सामग्री नष्ट कराई।

इंडस्ट्रियल एरिया टोंक में स्थित मनोज इंडस्ट्रीज का निरीक्षण किया यहां पर भी कमियां पाई गई जिनका इंप्रूवमेंट नोटिस तैयार किया गया जिसके लिए धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया जाएगा 7 मौके से एक नमूना सरसों तेल का लिया गया यहां पर सुदामा ब्रांड से सरसों तेल की पैकिंग की जाती है, क्योंकि यहां पुराने टिनो में सरसों का तेल भरा जा रहा था जोकि एफएसएस एक्ट के तहत निषेध है।

लिहाजा मौके पर मौजूद लगभग साढे 1350 किलो जो की 93 टीम में पैक था को सीज किया गया 7केंद्रीय दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा एवं अमित शर्मा सम्मिलित रहे

## मुरैना की 'दबंग' आईपीएस ज्येष्ठा मैत्रयी होंगी सवाईमाधोपुर की नई एसपी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** मुरैना की ज्येष्ठा मैयत्री राजस्थान की युवा आईपीएस सवाई माधोपुर की नई एसपी होंगी!

राज्य सरकार के कार्मिक विभाग की ओर से गुरुवार शाम को एक आईपीएस की तबादला सूची जारी की गई , जिसमें सवाई माधोपुर एसपी अनिल कुमार बेनीवाल का भी तबादला हुआ है। अनिल कुमार को सवाई माधोपुर से पांचवी बटालियन आरएसी जयपुर का कमांडेंट बनाया गया है।

उनकी जगह हाल ही में बांसवाड़ा एसपी के पद पर तबादला हुई ज्येष्ठा मैत्रयी को



सवाई माधोपुर एसपी लगाया गया है। ज्येष्ठा को 19 मार्च को बांसवाड़ा जिले की एसपी बनाया गया था। ज्येष्ठा 2018 बैंच की आईपीएस अधिकारी हैं। जिन्होंने पहली बार में यूपीएससी एग्जाम क्लीयर किया था।

गौरतलब है कि ज्येष्ठा मैत्रयी मूल रूप से मध्य प्रदेश के गुना जिले की रहने वाली हैं। उनके पिता गिरीश चंद्र आर्य एमपी इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड में कार्यरत है और मां मंजू गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल गुना में प्रिंसिपल के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहीं हैं। उल्लेखनीय है कि जिला पुलिस बेड़े की कमान फिर से महिला अधिकारी के हाथ

ज्येष्ठा उन अधिकारियों में से एक हैं, जिन्होंने बहुत ही कम समय में अपनी प्रशासनिक दक्षता से प्रभावित किया है।

## बेमौसम वर्षा से फसल नुकसान पर मिलेगा बीमा क्लेम


**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में हाल ही में हुई बेमौसम वर्षा के कारण कटाई के बाद खेतों में सुखाने हेतु रखी रबी फसलों को हुए नुकसान की भरपाई अब प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत की जा सकेगी। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि कटाई के बाद 14 दिन की अवधि तक खेत में रखी फसल को हुए नुकसान को व्यक्तिगत आधार पर बीमा कवरेज में शामिल किया गया है। संयुक्त निदेशक कृषि लखपत लाल मीणा ने बताया कि प्रभावित बीमित किसानों को फसल खराबे की सूचना 72 घंटे के भीतर देना अनिवार्य है।

इसके लिए किसान कृषि रक्षक पोर्टल, हेल्पलाइन नंबर 14447 अथवा क्रॉप इंश्योरेंस ऐप के माध्यम से ऑनलाइन सूचना दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान संबंधित बीमा कंपनी, नजदीकी कृषि कार्यालय या बैंक में भी निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से सूचना दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्राप्त सूचनाओं पर बीमा कंपनियों को तत्काल सर्वे कर नुकसान का आकलन करने तथा नियमानुसार बीमा क्लेम की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मस्जिद में जिंदा जलाए गए व्यक्ति की मौतः इमाम ने टॉयलेट में पेट्रोल डालकर लगाई थी आग, बाहर से गेट...

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( पुरूषोत्तम जोशी )।** जिले के डिग्गी पुलिस थाना इलाके के कलमंडा की मस्जिद में जिंदा जलाए गए व्यक्ति ने जयपुर के हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। वहीं, आरोपी इमाम हमले के बाद से फरार है। आरोपी ने पेट्रोल डालकर आग लगाई थी। इसके बाद बाहर से गेट बंद कर दिया था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



घटना गुरुवार (19 मार्च) सुबह 8 बजे कलमंडा गांव की है।

टॉयलेट में लगाई थी आग

डिग्गी थाना प्रभारी गोपाल चौधरी ने बताया- मृतक हकीम पिनारा (48) कलमंडा गांव का ही रहने वाला था। वो अक्सर जामा मस्जिद में जाता था। 18 मार्च की रात को मस्जिद में हकीम पीनारा (48) और इमाम आबिद अब्दुल रशीद (30) के बीच विवाद हो गया था। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे जब हकीम मस्जिद में नमाज पढ़ने आया था। नमाज के बाद वो टॉयलेट में गया था।

तभी आरोपी ने उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आशंका है कि एक दिन पहले हुए विवाद के कारण इमाम ने उस पर हमला किया था।

### 70 फीसदी से ज्यादा जल गया था

आग लगाने के बाद आरोपी इमाम ने टॉयलेट के गेट को बाहर से बंद कर दिया। हकीम काफी देर तक अंदर से मदद के लिए पुकारता रहा। करीब दस मिनट के बाद उसकी चीख-पुकार सुनकर मस्जिद के पास रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने 70 फीसदी झुलसे हकीम को मालपुरा के हॉस्पिटल में एडमिट कराया। जहां से उसे जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल रेफर कर दिया। गुरुवार रात 10 बजे हकीम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि हकीम पिनारा के साथ इमाम का व्यवहार ठीक नहीं था। उसने पहले भी इमाम को लेकर शिकायत की थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि हकीम पिनारा के साथ इमाम का व्यवहार ठीक नहीं था। उसने पहले भी इमाम को लेकर शिकायत की थी।

### जयपुर में मजदूरी करता था हाकिम, इमाम जोधपुर का

पुलिस के अनुसार आरोपी आबिद अब्दुल रशीद मूल रूप से जोधपुर जिले के बिलाड़ा का रहने वाला है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उसे लेकर पहले भी शिकायतें थी। वहीं, हकीम पीनारा परिवार के साथ जयपुर में रहकर मजदूरी करता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी है, जो जयपुर में पढ़ाई कर रहे हैं।

## भामाशाह के सहयोग से गोशाला में कमरे व बरामदे निर्माण की रखी आधारशिला



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( पुरूषोत्तम जोशी )।** कस्बे के टोंक रोड स्थित फूट्या देवरा के पास श्री गणेश गोशाला सेवा संस्थान परिसर में भामाशाह के सहयोग से एक कमरे और बरामदे के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लिस निदेशक राधा चौधरी (धर्मपत्नी पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी) मौजूद रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गणेश गोशाला सेवा संस्थान के अध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने की।

श्री गणेश गोशाला सेवा संस्थान अध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने बताया कि कस्बे की श्री गणेश गोशाला सेवा संस्थान फूट्या देवरा परिसर में भामाशाह बंसतीलाल रावत एवं उनकी धर्मपत्नी मोहनी देवी ने अपने पूज्य पिता स्वर्गीय सूरजमल रावत तथा माता स्वर्गीय श्रीमती कपूरी देवी रावत की पुण्य स्मृति में एक कमरे और बरामदे के निर्माण कार्य के लिए सहयोग प्रदान किया है। इसी के तहत शुक्रवार सुबह वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ मुख्य अतिथि राधा चौधरी के सान्निध्य में निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और समाज के सहयोग से ही गौशालाओं का संचालन एवं विकास संभव हो पाता है। उन्होंने भामाशाह परिवार द्वारा किए गए इस सहयोग की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला महामंत्री संत कुमार जैन, हरिलाल गुर्जर, बुद्धिप्रकाश शर्मा, रामअवतार शर्मा, करुणानिधि शर्मा, दिनेश शर्मा (पिंटू), अशोक कासलीवाल, शहर मंडल अध्यक्ष सुनील भारत, मोर मंडल अध्यक्ष राजेश मीणा, पुरुषोत्तम रावत, प्रेम प्रकाश उपाध्याय, सत्यनारायण भारद्वाज, मनोज गुप्ता (डिम्पल), नीरज जोशी, प्रहलाद चांवला, पिंटू खंडेलवाल, श्याम रावत, उमाशंकर तिवाड़ी, सुरेश चौबे, सद्दाम हुसैन, आलोक शर्मा,बुद्धि प्रकाश चौधरी, सहित बड़ी संख्या में गौ सेवक उपस्थित थे इससे पूर्व श्री गणेश गौशाला सेवा संस्थान में भामाशाह बसंती लाल रावत तथा धर्मपत्नी श्रीमती मोहिनी देवी रावत मुख्य अतिथि निर्देशक राधा चौधरी ,अध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर सहित अन्य सभी ने गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाया।

## टोंक में 5 लाख का गांजा जब्तः स्कूटी सवार तस्कर गिरफ्तार

### दो मोबाइल और रुपए भी बरामद

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( पुरूषोत्तम जोशी )।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। देर रात सदर थाना क्षेत्र के देवली रोड पर की गई इस कार्रवाई में आरोपी के कब्जे से करीब 5 लाख रुपए कीमत का 10.681 किलो गांजा बरामद किया गया है।

जिला स्पेशल टीम ने देवली रोड पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की थी। इसी दौरान एक स्कूटी सवार युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सदर थाना टोंक में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से 10.681 किलो गांजा, एक आईफोन 16 प्रो मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल, 1200 रुपए नकद (खरीद-फरोख्त की राशि), एक स्कूटी जब्त किए गए हैं। जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया - आरोपी लंबे समय से टोंक शहर में नशे का कारोबार कर रहा था और युवाओं तक नशा पहुंचा रहा था। इस कार्रवाई से शहर में चल रहे नशे के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

डीएसटी की इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही अन्य तस्करों में हड़कंप मच गया। कई संदिग्ध तस्कर मौके से फरार हो गए और अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों में डर का माहौल बन गया है।

### आरोपी की पहचान, नेटवर्क की जांच शुरू

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोनू (25) पुत्र बन्ना लाल सांसी निवासी डीबरू हाल, सोनवा रोड, टोंक के रूप में हुई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी यह गांजा कहां से लेकर आया था और किसे सप्लाई करने जा रहा था।

## दूनी के पीएम श्री स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )** उपखंड की दूनी तहसील में पीएम श्री स्कूल में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर +2 का समापन हुआ। इस दौरान प्रधान लाल मीणा ने कहा कि ऐसे शिविर से छात्रों में सामाजिक और मानवीय मूल्यों का विकास होता है। देवली उपखंड के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना +2 विशेष शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ हो गया है । शहरी संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कैलाश वर्मा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सीमा शेर के निर्देशन में विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर समापन पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रधान लाल मीणा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर छात्रों को सेवा भावना के साथ विभिन्न सामाजिक और मानवीय मूल्यों का विकास करते हैं। छात्रों को इन गतिविधियों में उत्साह से भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर स्वयं सेवकों ने अतिथियों के समक्ष सात दिवसीय शिविर के अनुभव साझा किया। गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि 14 मार्च से शुरू हुए सात दिवसीय +2 शिविर का समापन आज हुआ। शिविर में 12वीं कक्षा के 50 छात्र छात्राएं भाग ले रहे हैं जो प्रातः 8 बजे से सायं 7 बजे तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सेवा कार्यों के बारे में सीख रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना गाइडलाइन के अनुसार छात्र शिविर में विभिन्न सेवाओं के कार्य सीख रहे हैं जिसमें स्वच्छता, बागवानी, वृक्षारोपण, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, रक्तदान, स्वाइन फ्लू, एड्स, नेत्र, दंत, चर्म रोग,के बारे में जागरूक किया जा रहा हैं। कानून, नरेगा, जल जीवन मिशन, मतदाता जागरूकता, सूचना का अधिकार आदि के बारे में विशेषज्ञों द्वारा जानकारियां प्रदान की जा रही थी। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राम लक्ष्मण गुप्ता, एसएमसी सदस्य सत्यनारायण तिवारी, महावीर प्रसाद बडगूजर, त्रिलोक चंद कलाल आदि उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद की ओर से नवसंवतसर मनाया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं विक्रम संवत्सर 2083 के अवसर पर अलवर शहर के विभिन्न 8 स्थानों पर सदस्यों द्वारा समूह बना कर प्रातः 8:30 बजे आगंतुकों का कुमकुम तिलक, चावल, पुष्पवर्षा कर व मिश्री प्रसाद देकर अभिवादन स्वागत किया गया। सभी सदस्यों ने अपने अपने समूह में पहुँच कर उल्लास एवं उत्साह से बढ़.चढ़ कर आगन्तुक का स्वागत किया एवं आगंतुकों ने भी हर्षोल्लास से नव वर्ष का स्वागत किया। उसी दिन सायं 6:30 बजे दीपदान का आयोजन नगली सर्किल पर किया गयाए शाखा सचिव राधे श्याम ने बताया कि शाखा के गणमान्य सदस्य महिला एवं पुरुषों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित व मिश्री प्रसाद वितरित कर नव संवत्सर की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। शाखा की ओर से नववर्ष की पूर्व संध्या से ही स्वामी विवेकानंद स्मारक, विवेकानन्द चौक अशोका सर्किल एवं अपने भवन पर सुंदर रोशनी की वयवस्था की गई।

## आप युवा देश की धरोहर हैं- राहुल प्रकाश (जयपुर रेंज आईजी)

बढ़ता राजसथान



**अलवर।** आज युवाओं को लेकर सबसे अधिक चिंता है,युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति और हाईवे पर लेन तोडकर चलाए जाने वाली ड्राईविंग व लापरवाही के कारण होने वाली दुघर्टनाओं का सामाजिक दंश किसी से छुपा नहीं है। रोज समाचार पत्रों की सुर्खियों में हम देख ही रहे हैं कि सडक़ दुघर्टनाओं में किसी के घर का चिराग बुझना उसके जीवन के लिए कितना पीड़ादायी होता है। किस तरीके से युवा नशे की गिरफत में आता जा रहा है, ये बढ़ते अपराध बयां कर रहे हैं। ऐसे में जयपुर रेंज की ओर से चलाए जा रहे अभियान से ऐसे मामलों में कमी आएेगी साथ ही लोग जागरूक भी होंगे। आप युवा हमारे देश की धरोहर हैं। अपने जीवन के मोल को समझिए और लेन ड्राईव कर सुरक्षित रहिए और नशे से तौबा कर एक अच्छे नागरिक बन देश के विकास में सहयोग कीजिए।

## सुनें तो किसकी सुनें,मेला कमेटी या आमजन की : यादव



बढ़ता राजसथान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित बाबा गिरधारी दास सेवा समिति की प्रबंधक कमेटी ने स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन पर सीधा आरोप लगाया है कि 30मार्च 2026को लक्खी मेले का आयोजन होने जा रहा है। मेला कमेटी भयभीत है कि कोई अनहोनी न हो जाए!नगर पालिका प्रशासन ने मेले के स्थान पर नाला निकाल कर पानी की निकासी बाबा गिरधारी दास मन्दिर के पास स्थित तालाब में कर दी है। यदि इस नाले में कोई महिला या बुजुर्ग,या कोई बालक गिरकर चोट ग्रस्त हो जाता है तो वे समस्त जिम्मेदारीयाँ स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन की होंगी। वहीं नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव ने बताया कि सुनें तो किसकी सुनें,मेला कमेटी की या आमजन की। रही बात मेले की उस समय नाले को बन्द करवा उचित कार्यवाही कर दी जाएगी।

## केंद्रीय विद्यालय राजगढ़ में कक्षा प्रथम से पांचवीं की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

बढ़ता राजसथान

**राजगढ़(अलवर)।** केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर के निर्देशानुसार केन्द्रीय विद्यालय, राजगढ़ में कक्षा प्रथम से पांचवीं तक की प्रवेश प्रकिया 20 मार्च से प्रारम्भ हो चुकी है। कक्षा एक के प्रवेश फार्म ऑनलाइन https://admission.kvs.gov.in/ पोर्टल पर निःशुल्क भरें जा रहे है। कक्षा दूसरी से पॉचवीं तक के प्रवेश पंजीकरण फॉर्मों का वितरण भी आज से शुरू हो गया है। यह पंजीकरण फॉर्म विद्यालय सें प्रातः 9 बजें से अपराह्न 3 बजे तक निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। कक्षा प्रथम हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 02 अप्रैल 2026 है व दूसरी से पॉचवीं तक के विधिवत भरे हुए पंजीकरण फार्म समस्त कागजातों सहित जमा कराने की अंतिम तिथि भी 02 अप्रैल, 2026 है। प्रवेश प्रकिया केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा जारी प्रवेश नीति के तहत सम्पन्न की जायेंगी।

## जैसलमेर में पत्रकारों का महाप्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर कथित प्रशासनिक हमले के विरोध में शुक्रवार को जैसलमेर में प्रदेशभर के पत्रकारों का अभूतपूर्व आक्रोश देखने को मिला। जैसलमेर कलेक्टर प्रतापसिंह नाथावत के खिलाफ सैकड़ों पत्रकार सड़कों पर उतर आए और जोरदार नारेबाजी करते हुए उनके तत्काल निलंबन की मांग की। देश के सबसे पुराने पत्रकार संगठन IFWJ के आह्वान पर आयोजित इस प्रदेश स्तरीय विरोध प्रदर्शन में राजस्थान के विभिन्न जिलों से पत्रकार जैसलमेर पहुंचे। हनुमान सर्किल स्थित गांधी दर्शन से शुरू हुई विशाल रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर के खिलाफ कड़ा रोष जताया।उपेंद्र सिंह ने कहा कि पत्रकारों की आवाज दबाने के लिए उनके रोजगार को निशाना बनाया जा रहा है और झूठे मुकदमों के जरिए डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है।

# बे-मौसम बरसात और औलावृष्टि ने पहुंचाया किसानों को नुकसान

## तहसीलदारों ने टीम के साथ किया निरीक्षण,बताया 8 से 10%तक नुकसान!

बढ़ता राजस्थान





**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र में बे-मौसम हुई बरसात और औलावृष्टि से किसानों को नुकसान हुआ। वहीं विधानसभा क्षेत्र के बानसूर तहसीलदार गजेन्द्र सिंह राठौड़ व नारायणपुर तहसीलदार अनील वर्मा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया। बानसूर तहसीलदार गजेन्द्रसिंह राठौड़ ने बताया कि मेरे साथ राजस्व विभाग की टीम सहित बीमा कम्पनी के अधिकारी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि सभी समाचार पत्रों और न्यूज चैनलों के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार हमारी टीम ने मौका मुआयना किया है। जिसमें पाया गया है कि समाचार पत्रों या न्यूज चैनलों के माध्यम से मिले समाचारों मिली जानकारी के अनुसार हमने पाया कि बे-मौसम हुई बरसात और औलावृष्टि के कारण किसानों को सिर्फ 8से 10%तक गेहूँ की फसल में नुकसान पाया गया है। वहीं अत्यधिक नुकसान वाली जगह की जानकारी हमें मिलेगी तो वहाँ भी राजस्व टीम जागरूकता से बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों और अधिकारीयों के साथ मौका मुआयना करेगी। वहीं नारायणपुर तहसीलदार अनील वर्मा ने बताया कि समाचार पत्रों और विभिन्न न्यूज चैनलों के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार हमने क्षेत्र में फसलों का मौका मुआयना किया है। जो बे-मौसम बरसात और औलावृष्टि के कारण किसानों को नुकसान पहुँचा है हम बीमा कम्पनी को लिखेंगे। हमने अपनी राजस्व टीम के साथ यह महसूस किया है कि नुकसान चाहे एक दाने का हो वह भी बर्दास्त नहीं होता यहाँ तो प्रकृति के प्रकोप से 10से 12दानों का नुकसान हुआ है। वहीं बानसूर तहसीलदार गजेन्द्रसिंह शेखावत और नारायणपुर तहसीलदार अनील वर्मा ने कहा कि फसल खराबा होने से किसानों को चिन्ता करने की कोई जरुरत नहीं है। यदि फसल में खराबी होती है तो यह बीमा कम्पनियों की जिम्मेदारी है।यदि किसान ने अपनी फसल का प्रधानमंत्री फसल बीमा कराया तो।उन्होंने कहा कि 72घण्टे के भीतर-भीतर सम्बंधित किसान को शिकायत दर्ज करवानी चाहिए।उन्होंने ने बताया कि शिकायत टोल फ्री नम्बर 14447या क्रॉप इंश्योरेंस ऐप के माध्यम से या पीएमएफबीवाई के वाट्सएप चैट बोट 7065514447पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिकायत दर्ज करवाने के लिए कृषक का आधार कार्ड,पंजीकृत मोबाईल नम्बर, बीमा पॉलिसी नम्बर यदि उपलब्ध है तो अन्यथा आवश्यक नहीं उपलब्ध करवाने होंगे। उन्होंने बताया कि बीमा कम्पनी द्वारा पूछे जाने पर बताएं -फसल किस अवस्था में थी? खेत में कटी हुई या खड़ी हुई!बारिस कब हुई -फसल कटाई के बाद में(दिनों के बाद में)वहीं व्यक्तिगत बीमा क्लेम खड़ी फसल में देय नहीं है अतः फसल कटाई उपरांत/खेत में सुखाने के लिए रखी हुई/मड़ाई आदि के दौरान नुकसान होने पर बिमित किसान अवश्य शिकायत दर्ज करवाएँ।

## राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने आशुसप्ति स्टड फार्म माणकलाव का दौरा किया

बढ़ता राजस्थान




**जोधपुर।** अश्व प्रेमी और मरवाड़ी घोड़ों के संरक्षक अजय सिंह गहलोत ने बताया कि राज्यपाल राजस्थान हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने आशुसप्ति स्टड फार्म, माणकलाव (जोधपुर) का दौरा किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर गहलोत के द्वारा सबसे पहले राज्यपाल महोदय की लंबी उम्र, सुस्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए विशेष हवन-पूजन आयोजन हुआ जिसमे यज्ञ पूर्णाहुति बागड़े व उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बेरवा ने दी फिर नवरात्री के अवसर पर नो कन्याओं का पूजन किया। इसके बाद राज्यपाल फार्म का निरीक्षण करते हुए आशुसप्ति स्टड फार्म के अश्व का निरक्षण कर अश्व पूजन किया फिर अश्व संरक्षण, संवर्धन तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने से जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहन दिया। अजय सिंह गहलोत का कहना है कि यह दौरा घोड़ों की नस्ल संरक्षण, पारंपरिक मरवाड़ी अश्वों के संवर्धन और पर्यावरण-अनुकूल जैविक कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। राज्यपाल जी का यह विजिट स्थानीय अश्व प्रेमियों और किसानों के लिए प्रेरणादायक रहेगा।

### आईजी राहुल प्रकाश की मुहिम ला रही है रंग

## ट्रेफिक पुलिस की ओर से एक्सप्रेस वे पर लोगों को दुघर्टना से बचाने के लिए किए जा रहे हैं शानदार प्रयास

बढ़ता राजसथान



**अलवर। (रूपक शर्मा)।** एक बार फिर से जयपुर रेंज की कमान अपने हाथ लेने वाले शानदार आईपीएस राहुल प्रकाश ने इन दिनों ऐसे विशेष अभियान चलाए हुए हैं जिसके कारण वे सामाजिक दंश बने हुए हैं एक दो नशे के खिलाफ ऑपरेशन एंटीवेनम अभियान जहां रेंज के सभी जिला एसपी पूरी तरह से इस अभियान को सफल बनाने में लगे हुए हैं, दूसरा एक्सप्रेस वे और हाईवे पर लेन तोड़ कर या तेज गति से वाहन चलाकर दुघर्टना में अपने जीवन को खो देने का दंश वाला मामले को देखते हुए विशेष अभियान लेन ड्राईव चलाया हुआ है। ऐसे में जिला एसपी सुधीर चौधरी के निर्देश पर यातयात पुलिस के इंचार्ज संजय शर्मा ने शुक्रवार को अपनी टीम के साथ पूरी मेहतन करते हुए नेशनल एक्सप्रेस वे पर होने वाली घटनाओ को रोकने के लिए एक्सप्रेस वे पर ट्रक ड्राइवर और टूरिस्ट बच्चों को विशेष अभियान लेन ड्राइव के बारे में जागरूक किया गया और उल्लंघन करने वाले करीब 25 वाहनों के चालान बनाये गए। ट्रेफिक थाना प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के अभियान के माध्यम से पुलिस के प्रयास से लोगों का जीवन बचाया जा सके इससे बेहतरीन ओर क्या होगा,लोग जागरूक बन रहे हैं। हमारे इस अभियान से लोग जुड रहे हैं ये अच्छा संदेश है।

## ओजोस डेल सालाडो पर तिरंगा लहराने वाले वीरेंद्र को शेखावत ने दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजसथान



**जोधपुर।** विश्व की सबसे ऊंची ज्वालामुखी चोटी ओजोस डेल सालाडो (6,893 मीटर) पर तिरंगा लहरा कर जोधपुर समेत भारत का मान बढ़ाने वाले युवा वीरेंद्र सिंह सिसोदिया को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में शेखावत ने कहा कि -35C तापमान, 45–50 किमी/घंटा की तेज हवाएं और अत्यंत दुरूह परिस्थितियों के बीच यह विजय विलक्षण है।अब तक 10 अनुभवी पर्वतारोहियों में से केवल 3 ही इस शिखर तक पहुंच सके हैं। उन्होंने कहा कि विजय के गौरवशाली क्षण पर वीरेंद्र ने इनक्रेडिबल इंडिया का ध्वज भी लहराया। उनकी यह विराट उपलब्धि सबको यह संदेश देती है कि दृढ़ संकल्प के सामने बड़ी से बड़ी चुनौती भी मुश्किल नहीं।

## उपखण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल महोत्सव का हुआ शुभारम्भ

बढ़ता राजसथान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित राज फाउंडेशन ट्रस्ट एवं सहयोगी संस्था आरसीआई एजुकेशन हब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उपखण्ड स्तरीय खेलों का महाकुम्भ का शुभारम्भ 20 मार्च को किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में पूर्व बानसूर थानाधिकारी एवं वर्तमान एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स प्रभारी जिला कोटपूतली बहरोड़ सुरेन्द्रसिंह मलिक,तहसीलदार गजेन्द्रसिंह शेखावत, उपजिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश यादव, प्रधान सुमन सुभाष यादव, निजी शिक्षण संघ संस्थान के अध्यक्ष अजय यादव,यादव समाज के अध्यक्ष सेवानिवृत प्रधानाचार्य लीलाराम यादव,पूर्व अध्यक्ष सुभाष यादव बूराला,सचिव ओमप्रकाश, कैप्टन रामप्रताप,शिवलाल यादव, प्रमोद यादव,सैनिक एवं लाइब्रेरी अध्यक्ष रामगोपाल यादव,विमलेश यादव,मत्स्य यूनिवर्सिटी से सुनील दत्त,नरेन्द्र शारीरिक शिक्षक,शारीरिक शिक्षक की टीम में मंगतू राम,नौबहार यादव,राघव, अमर सिंह,विजय सिंह,दयाराम सहित अनेक गणमान्य अतिथि शामिल हुए। सभी अतिथियों का स्वागत माला-साफा पहनाकर व दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। राज फाऊंडेशन ट्रस्ट द्वारा स्थापित विद्यालय टीम की समस्त मैनेजमेंट टीम स्टॉफ सहित तैनात रही।वहीं अपने सम्बोधन में तहसीलदार गजेन्द्रसिंह राठौड़ ने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन पहले ही शुरू हो जाने चाहिए थे।वहीं पूर्व बानसूर थानाधिकारी एवं कोटपूतली बहरोड़ जिले के एंटी गेंगेस्टर टॉस्क फ़ोर्स के प्रभारी सुरेन्द्रसिंह मलिक ने खेलों को शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए विद्यार्थियों को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।महत्वपूर्ण सूचनाः प्रतियोगिता का पहला दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह खेल महोत्सव 21 एवं 22 मार्च को भी जारी रहेगा। जो विद्यार्थी पहले दिन भाग नहीं ले सके हैं, वे खेल स्थल पर पहुँचकर अपनी टीम के साथ पंजीकरण करवा सकते हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही और उत्साहपूर्ण वातावरण में खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत भी की गई।

### मारवाड़ की कला संस्कृति व हेरिटेज पर्यटक के लिए आकर्षक

# देशी पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर में जुटे देश के प्रमुख ट्रेवल एजेंट

बढ़ता राजस्थान



**जोधपुर ।** शहर में पर्यटन सीजन गत वर्ष का बेहतर रहा । देशी विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंचे और अपने मन में यहां की बेहतर छवि को बसा कर ले गए। इसी पर्यटन को बढ़ावा देने और विश्व में बढ़ते युद्ध अन्य परेशानियों से खास देशी पर्यटन को प्रमोट करने के उद्देश्य से शहर में शुक्रवार से 2 दिवसीय दौरे पर देश के 32 से अधिक प्रमुख ट्रेवल एजेंट शहर में आए । टूर के फाउंडर डायरेक्टर नरेंद्र सिंह खींची ने बताया कि इस पहल से निश्चित रूप से घरेलू पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। सभी एजेंट्स मारवाड़ में जोधपुर ,जैसलमेर , ओसिया व जवाई का भ्रमण कर बारीकियों को देखते हुए पर्यटकों को इस स्थान से जोड़ने व बेहतरीन पर्यटन की संभावनाओ को तलाशेंगे। आयोजन से जुड़े विनय विलियम ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य ट्रैवल एजेंट्स को पर्यटन स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना ताकि वो अपने ग्राहकों को बेहतर सुझाव दे कर अधिक समय बिताने के लिए प्रेरित कर सके। साथ ही होटल्स व एजेंट के बीच संबंधों को मजबूत किया जा सके । मुख्यत ओसिया के धोरों व जवाई के पहाड़ों जंगलो डेम को पर्यटन का हिस्सा बनाना है। यह पहल पर्यटन उद्योग के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा क्यों कि इस प्रकार यात्रा का आयोजन स्थान को प्रमोट करने के लिए बहुत कम देखने को मिलता है । इस यात्रा में एक दर्जन से अधिक शहर की बड़ी होटल्स रिज़ॉर्ट डेजर्ट कैंप का समर्थन सहयोग मिल रहा है। इस यात्रा में मुंबई से लीना जुमडे दिलीप सोनी महेंद्र जैन देवेंद्र दिवेकर पूजा पाटिल , दिल्ली से नीतू गोला अमन सैनी अनिल ढिंगरा नरेंद्र शर्मा राम राज सिंह दिलप्रीत सेवल पूना से तेजस काले शुभम गुप्ता सूरत से निलेश भूतवाल कार्तिक पच्चीगीर फरीदाबाद ओरछा गाजियाबाद सहित अन्य स्थान से आए एजेंट ने हिस्सा लिया ।

## स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाएं-देवराज शर्मा



बढ़ता राजसथान

**अलवर।** शुक्रवार को अमूल्य भारत फाउंडेशन के द्वारा राजस्थान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के देवराज शर्मा द्वारा श्री मिश्रा प्रिंस सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को राजस्थान दिवस के अवसर पर सरकार द्वारा 14-19 मार्च तक चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के बारे में बताया और स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शर्मा ने बताया कि स्वच्छता के साथ. साथ हमें पर्यावरण को भी सुरक्षित करना चाहिए एवं इसके संरक्षण के लिए हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के ष्एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उस पेड़ को संरक्षित भी करना चाहिए। यदि हमारा पर्यावरण संरक्षित रहेगा, तभी हमें शुद्ध वायु मिल सकेगी और जलवायु परिवर्तन में सुधार हो सकेगा।

कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियोंए सदस्यों के अलावा स्कूल संचालक लोकेश मिश्रा जी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में देवराज शर्मा ने उपस्थित सभी को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

## जयंती मोहत्सव के तहत कल से शुरू होगी प्रतियोगिता



बढ़ता राजसथान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल सरावगी समाज की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नो दिवसीय महावीर जयंती महोत्सव के कार्यक्रम का आगाज रविवार से होगा। इस दौरान नो दिनों तक विविध स्पर्धाये होगी। चौगान जैन नोहरा आश्रम में समाज के पदाधिकारियों ने किया। महावीर जयंती महोत्सव सयोजक पदम् पाटनी ने बताया कि 22 मार्च को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में खेल कूद कार्यक्रम से होगी। सह सयोजक सुरेंद्र छाबड़ा और शेंकी पापड़ीवाल ने बताया कि 24 मार्च को जे पी एल क्रिकेट प्रतियोगिता, 25 मार्च को कलश सजाओ प्रतियोगिता,28 मार्च को मांडना प्रतियोगिता,29 मार्च को सभी प्रतियोगिताओं के पारितोषिक वितरित किये जायेंगे जिसके साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।30 मार्च को सकल जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम के दौरान समाज के उपाध्यक्ष सुनील बाकलीवाल,मंत्री योगेंद्र जैन,कोषाध्यक्ष रोबिन जैन,नोहरा सयोजक पारस पाटनी, जिनेश पाटनी,संजय पाटनी,दीपक गंगवाल, लोकेश गोधा,सुमन बाकलीवाल,शकुंतला बड़जात्या,सुमन कासलीवाल,कनक पाटनी आदि मौजूद रहे।

## बूंदी में 'नवकार कलश रथ यात्रा' का भव्य स्वागत, भक्ति और सौहार्द के रंग में रंगा शहर



बढ़ता राजसथान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** विश्व शांति, सामंजस्य और आपसी सौहार्द का संदेश लेकर निकली 'नवकार कलश रथ यात्रा' का शुक्रवार सुबह बूंदी पहुंचने पर सकल जैन समाज द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया गया। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (JITO) द्वारा आयोजित 'विश्व णमोकार महामंत्र दिवस 2.0' के तहत यह यात्रा जन-जन तक आध्यात्मिक चेतना पहुँचाने का कार्य कर रही है।

**मुख्यमंत्री ने जयपुर से किया था रवाना :** उल्लेखनीय है कि इस गौरवमयी यात्रा को गत 1 मार्च को जयपुर में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने धर्म ध्वज दिखाकर रवाना किया था। प्रदेशव्यापी जन-जागरूकता अभियान के रूप में संचालित यह रथ यात्रा शुक्रवार सुबह 8 बजे जब बूंदी के चोमुखा बाजार स्थित जैन मंदिर पहुँची, तो पूरा क्षेत्र जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

**विदेशी सैलानियों में भी दिखा उत्साह :** यात्रा के दौरान एक विशेष दृश्य तब देखने को मिला जब बूंदी भ्रमण पर आए विदेशी सैलानियों ने भी इस रथ यात्रा के प्रति उत्सुकता दिखाई। सैलानियों ने नवकार महामंत्र के महत्व की जानकारी ली, जैन समाज के इस सेवाभावी कार्य की सराहना की और उत्साहपूर्वक रथ के साथ सेल्फी व फोटो भी खिंचवाए। स्वागत समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों और संगठनों के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महावीर धनोपिया अध्यक्ष, सकल जैन समाज, आदित्य भंडारी JITO प्रभारी एवं सचिव, सकल जैन समाज, अशोक भंडारी अध्यक्ष, श्वेतांबर मूर्ति पूजक समाज, गणमान्य सदस्यः रमेश चंद भंडारी, प्रभात जैन, महावीर जयंती संयोजक ओम प्रकाश ठग, महेश कुमार जैन, रॉबिन जैन, आशीष भंडारी, पदम बरमुंडा, रमेश बड़जात्या, शकुंतला बड़जात्या, सुरेंद्र छाबड़ा। महिला मंडल एवं युवाः बबीता गंगवाल, सुमन कासलीवाल, सुमन बाकलीवाल, पुलकित बाकलीवाल, अलका बाकलीवाल, खुशबू कोठारी, अनिल पपड़ीवाला, शैंकी जैन, कनक पाटनी, रमेश पटौदी सहित महिला मंडल की अनेक सदस्य।"इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है। आगामी 9 अप्रैल 2026 को JITO की ओर से नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप आयोजित किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाएं।

## जे.के. सीमेंट वर्क्स द्वारा आदर्श ग्राम प्रोजेक्ट परियोजना हुआ शुभारंभ

# क्षेत्र के विकास में जे.के.सीमेंट ने हमेशा पूरा योगदान दिया है- कृपलानी




बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( रेखा खाबिया)।** जे.के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेडा द्वारा अपने प्रबंध निदेशक डॉ. राघवपथ सिंघानिया एवं सह प्रबंध निदेशक माधवकृष्ण सिंघानिया के ड्रीम प्रोजेक्ट आदर्श ग्राम परियोजना का भारत केयर एनजीओ के माध्यम से सीएसआर फंड से शुभारम्भ किया गया । इस परियोजना के तहत कारुण्डा विद्यालय में निर्मित सोलर आर. ओ (RO) प्लांट का शुभारंभ पूर्व यू.डी.एच मंत्री और क्षेत्रीय विधायक श्री चंद कृपलानी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात आयोजित कार्यक्रम के मुख्या अतिथि के रूप में पूर्व यू.डी.एच मंत्री और क्षेत्रीय विधायक श्री चंद कृपलानी, उपखंड अधिकारी विकास पंचोली, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, जे.के. सीमेंट समूह की सी.एस. आर हेड (कॉरपोरेट) सुश्री शिल्पा जायसवाल, पुलिस उप अधीक्षक बद्रीलाल राव, पूर्व प्रधान अशोक जाट, राजेंद्र सिंह शक्तावत ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में अतिथियो को बुके देकर जे.के. सीमेंट के टेक्निकल हेड राजेश सोनी, एच. आर. हेड प्रभाकर मिश्रा, माइंस ऑपरेशन हेड राकेश शर्मा,आई.आर हेड भुवनेश सिंह, सी.एस.आर हेड राहुल कुमार सिंह आदि ने स्वागत अभिनंदन किया।

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व यू.डी.एच मंत्री और क्षेत्रीय विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि क्षेत्र के विकास में जे.के. सीमेंट हमेशा अपनी भागीदारी निभाता आया है और उसके मालिक हमेशा क्षेत्र के विकास में पूरा योगदान देने की भावना रखते हैं। समारोह को संबोधित करते हुए जे.के. सीमेंट समूह की सी.एस. आर हेड (कॉरपोरेट) सुश्री शिल्पा जायसवाल ने कहा कि जैसा इस योजना का नाम है आदर्श ग्राम वह अपने आप में बताता है कि जे.के. सीमेंट समूह का उद्देश्य भी ऐसे ही गांव की स्थापना करना है जो अपने आप में एक आदर्श हो। समारोह को संबोधित करते हुए जे.के. सीमेंट निंबाहेड़ा- मांगरोल के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जे.के. सीमेंट समूह का उद्देश्य शहर एवं गांव के जीवन यापन के तरीकों को बेहतर बनाने का, क्षेत्र में व्यवसाय का विस्तार एवं रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सी.एस. आर के माध्यम से सारे कार्यों की विस्तृत कार्य योजना बनाकर उसे अमली जामा जामा पहनाना ही मुख्य उद्देश्य है। आदर्श ग्राम प्रोजेक्ट के तहत आने वाले 3 सालों में गांव के संपूर्ण विकास के तहत आदर्श गांव का निर्माण करने के विजन के तहत संपूर्ण गांव में साफ सफाई, स्वच्छता, नाली निर्माण, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना, वृक्षारोपण, रूफ़ वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, तालाब का सौंदरीकरण, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूलों में स्मार्ट क्लास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र का रिनिर्वेशन,पी. एच.सी एवं सी.एच.सी का निर्माण कराकर गांव को आदर्श ग्राम के रूप में स्थापित करना ही मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर करूंगा सरपंच रतनलाल भील, पूर्व सरपंच शंभू लाल जाट सहित बड़ी संख्या में कारुण्डा,पिपलिया गदिया के ग्रामवासी एवं विद्यालय के बालक बालिका उपस्थित थे।

## मनाया गया विश्व गौरैया दिवस

# जीव दया के कार्य स्वप्रेरणा के साथ निरंतर जारी-नितिन जैन



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( रेखा खाबिया)।** वंडर सीमेंट लि., निम्बाहेड़ा के नींव इनिशिएटिव के अन्तर्गत यूनिट हेड नितिन जैन द्वारा विश्व गौरैया दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आज पक्षियों एवं वृक्षों की सेवा करने के संकल्प के साथ बर्ड फीडर एवं परिण्डे वितरित किये। इस दौरान जैन ने सभी को पक्षियों की रक्षा एवं सेवा करने हेतु ग्रीष्मकाल में अपने घर आंगन में पक्षियों की सुविधा को देखते हुए सुरक्षित स्थान पर नन्हे पक्षियों के लिये बर्ड फीडर एवं परिण्डे स्थापित करने तथा उसमें नियमित दाना-पानी भरने हेतु प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि वंडर सीमेंट लिमिटेड द्वारा जीव दया के कार्य स्वप्रेरणा से निरंतर किए जा रहे हैं। छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से बड़े परिणामों की दिशा में कम्पनी अग्रसर हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण कम्पनी परिसर में सैकड़ों स्थानों पर बर्ड फीडर एवं परिण्डों की स्थापना एवं उनका नियमित रखरखाव, साथ ही परियोजना क्षेत्र के गांवों में 8 बर्ड टॉवर का सहित गौमाता की सेवा हेतु श्री कृष्ण गोपाल गौशाला, फलवा का निर्माण तथा अन्य कई गौसेवा के कार्य किये गये है। इसी के साथ कम्पनी द्वारा गांवों में परिण्डा वितरण तथा सार्वजनिक स्थानों पर इन्हे बंधवाने का कार्य भी नियमित रुप से जारी है। कार्यक्रम में उपस्थित कम्पनी के विभिन्न विभागों के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने नन्हे पक्षियों की सेवा हेतु यह प्रण लिया कि हम अपने घर आंगन में बर्ड फीडर एवं परिण्डे बांधकर उनमें नियमित दाना-पानी उपलब्ध कराएंगे।

# रामगंजमंडी में राज्यपाल के आगमन को लेकर हाई अलर्ट, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के प्रस्तावित दौरे को लेकर रामगंजमंडी में सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। जी.आर.पी. अजमेर द्वारा जारी सुरक्षा आदेश के अनुसार राज्यपाल 20 मार्च को रात 11:25 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से ट्रेन संख्या 20156 नई दिल्ली–डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस से रवाना होंगे और 21 मार्च को सुबह 6:20 बजे रामगंजमंडी रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल उसी दिन रात 10:25 बजे ट्रेन संख्या 12473 सर्वोदय एक्सप्रेस से रामगंजमंडी से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल को Z+ श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त होने के कारण उनके आगमन, ठहराव और प्रस्थान के दौरान विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। जीआरपी के निर्देशानुसार यात्रा के दौरान सशस्त्र सुरक्षा गार्ड, पुलिस बल एवं पीएसओ तैनात रहेंगे। वहीं रामगंजमंडी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म, प्रवेश एवं निकास द्वार, फुट ओवर ब्रिज और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अतिरिक्त जाप्ता लगाया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था की कमान वृताधिकारी जीआरपी कोटा के नेतृत्व में रहेगी, जो स्थानीय पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल (RPF) एवं अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर पूरी व्यवस्था संभालेंगे। राज्यपाल के आगमन से पूर्व रेलवे स्टेशन परिसर, पार्किंग स्थल तथा वीआईपी कोच की एंटी-सबोटाज एवं सघन जांच कराई जाएगी। इसके साथ ही मार्ग के प्रमुख रेलवे स्टेशनों—भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर और कोटा पर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

# लायंस क्लब कोटा का होली मिलन समारोह सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** लायंस क्लब कोटा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। अध्यक्ष सोनल नंदवाना ने बताया कि संगीतमय संध्या में पुराने और नए गीतों का मधुर संगम देखने को मिला, जिसने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। पुष्प वर्षा और होली गीतों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को समरसता के रंगों से सराबोर कर दिया। कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत पारीक ने बताया कि इस अवसर पर मुंबई से आईं प्रसिद्ध सेलिब्रिटी सिंगर्स मौसमी घोष, मौसमी अधिकारी, जगदीश निर्मल और अमित बंसल ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। अतिथियों ने फूलों के साथ होली खेलते हुए नृत्य और उल्लास के साथ कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। सचिव लायन मुकेश विजयवर्गीय ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व रीजन चेयरमैन (जोधपुर जोधाणा) लायन ज्ञान ज्योति गुप्ता,वीडीजी—2 एमजेएफ लायन सीपी विजयवर्गीय, लायन प्रभा विजयवर्गीय, पीडीजी पीएमजेएफ लायन राजेंद्र अग्रवाल, लायन मंजू अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन डॉ. सुषमा, लायन मंजुला जैन, लायन सुनीता गर्ग सहित सभी क्लब अध्यक्ष एवं सचिव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

लायंस क्लब कोटा के सभी 80 सदस्यों सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम का सफल संचालन एमजेएफ लायन अशोक नुवाल ने किया, कार्यक्रम व्यवस्था एमजेएफ लायन सुधाकर बहेड़िया द्वारा उत्कृष्ट रूप से की गई। कार्यक्रम की रूपरेखा लायन सुनील आनंद ने तैयार की तथा आभार लायन मुकेश विजयवर्गीय ने व्यक्त किया। इस अवसर लक्ष्मीकांत पारीक,सुनील आंनद,प्रभा विजय,रमेश शर्मा,मुकेश विजयवर्गीय सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## लावण्या शर्मा चुनी गईं सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

# समाज सेवा के संकल्प के साथ NSS शिविर का भव्य समापन




बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, विकास नगर बूंदी के राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन आज रोटरी क्लब सामुदायिक भवन में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। सात दिनों तक सेवा और जागरूकता की अलख जगाने के बाद स्वयंसेवकों ने राष्ट्र सेवा का संकल्प लेकर विदाई ली।

### समारोह का शुभारंभ

कार्यक्रम का आगाज प्रधानाचार्य रविंद्र दाधीच एवं वार्ड पार्षद श्रीमती शांति सोनी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया।

### प्रमुख संबोधन एवं विचार

प्रधानाचार्य रविंद्र दाधीचः उन्होंने स्वयंसेवकों द्वारा सात दिनों तक किए गए सेवा कार्यों और जागरूकता रैलियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर अनुशासन और समाज के प्रति जिम्मेदारी सिखाते हैं। पार्षद शांति सोनीः उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा, "NSS स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए, यही वास्तविक शिक्षा है। व्याख्याता मनोज शर्माः उन्होंने 'राष्ट्र प्रथम' की भावना पर जोर दिया और छात्राओं से देश की सेवा में योगदान देने का आग्रह किया।

### शिविर की उपलब्धियां

कार्यक्रम अधिकारी कविता जैन ने शिविर का सात दिवसीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस दौरानः विभिन्न विषयों पर बौद्धिक व्याख्यान आयोजित किए गए। सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता रैलियां निकाली गईं। ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर विरासत की जानकारी ली गई। विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

### सांस्कृतिक रंग और पुरस्कार वितरण

समापन समारोह में व्याख्याता देवेंद्र सिंह राणावत ने "जिंदगी एक जंग है" गीत गाकर छात्राओं में जोश भर दिया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

### विजेताओं की घोषणा:

शिविर के दौरान आयोजित निबंध, पोस्टर और खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। पूरे शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए लावण्या शर्मा को 'सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक' के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन व्याख्याता देवेंद्र सिंह राणावत द्वारा किया गया।

# विश्व गौरैया दिवस पर गौरैया के आवास एवं परिंदों का वितरण

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़।** संघ की पर्यावरण गतिविधि एवं एकल अभियान द्वारा विश्व गौरैया दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के नगर संयोजक गोपाल कृष्ण दाधीच ने बताया कि वैश्विक स्तर पर गौरैया के महत्व को जानते हुए संपूर्ण विश्व में विश्व गौरैया दिवस आज 20 मार्च को मनाया जाता है। जिसके तहत चित्तौड़गढ़ में बूंदी रोड स्थित रामद्वारा परिसर में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं एकल अभियान द्वारा संयुक्त रूप से एक गोष्ठि का आयोजन किया गया। जिसमें रामस्नेही संत दिग्विजय राम,प्रांत पर्यावरण संयोजक धर्मपाल गोयल,प्रांत के सहधार्मिक प्रमुख जितेंद्र त्रिपाठी युवा प्रमुख मनोज वैष्णव आदि के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं में गौरैया संरक्षण के लिए राम द्वारा परिसर में पक्षी आवास लगाये तथा पक्षियों के लिए परिंडे भी लगाए। इसके उपरांत दिग्विजय राम द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को हमारी संस्कृति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत की संस्कृति में हमेशा जीव के लिए सेवा भाव रहा है प्राचीन काल में कच्चे घरों में रहने वाले गोरिया मानव का सबसे पुराना साथी पक्षी है जो की जैव विविधता के लिए अति आवश्यक है तथा हमारी फसलों का रक्षक भी है। उपस्थित बंधुओ से आह्वान किया अपने घरों पर पक्षी आवास लगाए तथा पक्षियों के लिए परिंदे बांधने का आग्रह किया। प्रांत संयोजक धर्मपाल ने बताया कि अंधाधुन पक्का करण, कीटनाशक दवाइयां का उपयोग गौरैया के प्राकृतिक आवास एवं जीवन के लिए संकट बना हुआ है। हम सबको घर के वेस्ट से भी पक्षी आवास एवं परिंडे लगाने चाहिए।उन्होंने चीन के माओ का उदाहरण देते हुए बताया कि सालों पहले चीन ने गोरेया को मरवाया उसके कारण उसका अनाज उत्पादन 50% रह गया, वैज्ञानिक शोध से पता चला की गौरैया फसल को खराब करने वाले कीटों को खाकर फसल की रक्षा करती है तथा मानव द्वारा पुनः गौरेया के संरक्षण का काम हुआ। बैठक में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला संयोजक सतीश सोनी,नगर सह सयोंजक धीरज सोनी,जल प्रबंधन सयोंजक मनीष जेन, एकल अभियान के महिपाल सिंह गोपाल कच्छावा संजय शर्मा,ओम अजमेरा,शिव डाड रमेश,चास्टा,नेहा बैरागी,पूजा शर्मा, पूजा सेन,खुशी वैष्णव,काजल सेन,अनीता कंवरआदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत सभी कार्यकर्ताओं को पक्षी आवास एवं परिंडे उपलब्ध कराए गए।

# राष्ट्रपति संत प्रेमानंद से मिलीं, हाथ जोड़कर प्रणाम किया

## संत ने राधे-राधे कहा; परिवार के साथ मुर्मू वृंदावन पहुंचीं, 25 मिनट चर्चा की

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मथुरा में संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। उन्होंने 25 मिनट तक आध्यात्मिक चर्चा की। राष्ट्रपति शुक्रवार सुबह 7 बजे बारिश के बीच परिवार के साथ प्रेमानंदजी के वृंदावन आश्रम पहुंचीं। उन्होंने हाथ जोड़कर संत को प्रणाम किया।

संत प्रेमानंद ने राधे-राधे कहकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। आश्रम में राष्ट्रपति का संतों ने माला-चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। राष्ट्रपति ने प्रेमानंदजी को जन्मदिन की भी बधाई दी। गुरुवार यानी 19 मार्च को उनका 56वां जन्मदिन था।

दरअसल, राष्ट्रपति मुर्मू, यूपी के 3 दिन के दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए थे। फिर शाम को मथुरा पहुंचीं। प्रेमानंदजी से



मुलाकात के बाद बाबा नीम करौरी महाराज के आश्रम पहुंचेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू का मथुरा का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले वह पिछले साल 25 सितंबर को आई थीं। तब बांके बिहारी के दर्शन किए थे। प्रेमानंद महाराज के दरबार में पूरे परिवार के साथ पहुंची थीं राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ उनकी बेटी इतिश्री मुर्मू, दामाद गणेश हेम्ब्रम और दोनों नातिनें आद्याश्री और नित्याश्री मौजूद थीं। केलीकुंज आश्रम में राष्ट्रपति और उनके परिवार के लिए कुर्सियां लगाई गई थीं।

### आध्यात्मिक चर्चा के दौरान भाव-विभोर नजर आईं

बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति संत प्रेमानंद महाराज के साथ आध्यात्मिक चर्चा के दौरान भाव-विभोर दिखीं। इस दौरान कुटिया में सिर्फ राष्ट्रपति, उनके परिजन और संत के करीबी शिष्य ही मौजूद रहे।

इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा था- अयोध्या में प्रभु श्रीराम ने जन्म लिया था। इस पवित्र भूमि पर कदम रखना ही मेरे लिए सौभाग्य की बात है। गुरुवार शाम को वह अयोध्या से मथुरा पहुंचीं। वहां वृंदावन में इस्कॉन मंदिर गईं, जहां राधा-श्याम सुंदर का पूजन-अर्चन किया।

उन्होंने मंदिर की साज-सजावट की तारीफ की। इस्कॉन में बच्चों से बातचीत की और उन्हें चॉकलेट दी। करीब आधा घंटा इस्कॉन में रुकने के बाद राष्ट्रपति ने प्रेम मंदिर में दर्शन-पूजन किया।

प्रेमानंद महाराज का जन्म यूपी में कानपुर जिले की नरवल तहसील के अखरी गांव में हुआ था। पिता शंभू नारायण पांडे और मां रामा देवी हैं। 3 भाई हैं, प्रेमानंद मंझले हैं।

बचपन में प्रेमानंद जी का नाम अनिरुद्ध कुमार पांडे था।

### रामकृष्ण मिशन हॉस्पिटल में अत्याधुनिक कैंसर यूनिट का उद्घाटन किया

संत प्रेमानंद से मुलाकात के बाद राष्ट्रपति, रामकृष्ण मिशन हॉस्पिटल पहुंची। वहां पश्चिमी यूपी की सबसे आधुनिक कैंसर यूनिट 'नंदकिशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक' का उद्घाटन किया। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, यूपी के मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति ने अयोध्या राम मंदिर में रामयंत्र की स्थापना की थी। यूपी पहुंचीं राष्ट्रपति ने अपने दौरे के पहले दिन गुरुवार को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए। मंदिर में रामदरबार में राम यंत्र की स्थापना की। उन्होंने राम मंदिर परिसर का भी भ्रमण किया। योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति को मंदिर निर्माण से जुड़े कार्यों की जानकारी दी थी।

# किसानों को उचित मुआवजा दे सरकार- सूपा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** बीती रात भरतपुर जिले में हुई अतिवृष्टि से खेतों में पानी भर जाने एवं फसलों को भारी मात्रा में नुकसान होने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा एवं जिले के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने जिला कलेक्टर से किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि जिले में अतिवृष्टि होने से भरतपुर जिले की समस्त तहसीलो में खेतों में कटी हुई एवं खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। गेहूं, सरसों एवं चना आदि की फैसले बिल्कुल चौपट हो गई है। बिल्कुल तैयार फसल पूरी तरह नष्ट होने पर जिले के किसानो की साल भर की मेहनत पर पानी फिर गया है। जिलाध्यक्ष सूपा ने कहा कि सरकार और प्रशासन की लापरवाही की वजह से इस साल पूरी-पूरी रात खाद लेने के लिए किसानो को लाइनों में लगना पड़ा तथा इस साल बीज,खाद एवं यूरिया की भारी किल्लत रही तथा कालाबाजारी होने की वजह से महंगे दामों पर किसानों को यह सब खरीदने पड़े तथा कृषि उपकरण भी महंगे होने की वजह से किसानों की फसल की लागत इस बार काफी बढ़ गई थी। लेकिन बीती रात अत्यधिक मात्रा में बारिश होने से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। श्री सूपा सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन से जिले में खराब हुई फसलों की पारदर्शिता तथा संवेदनशीलता से गिरदावरी करवाने की मांग करते हुए किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। मांग करने वालों में साहब सिंह चौधरी, चुन्नी कप्तान, योगेश सिंघल, दयाचंद पचौरी, दीनदयाल जाटव सेवर, गजेन्द्र सिंह उच्चौन, हरस्वरूप सरपंच नदबई, बहादुर बयाना, रविंद्र प्रधान रूपवास, सुगड़ खैरा वैर, महेश मीणा भुसावर, निरंजन जघीना, किशन छोकरवाड़ा, जगदीश बंजी, रामेश्वर सैनी, तोता प्रधान, मुकेश जाटव,लोकपाल सिंह, अशोक तांबी, दिगंबर खटाना, मनोज पटेल, अशोक लवानिया, शहीद खान, भरत गादोली, राकेश पठानिया, चंद्रकेश राजावत सहित काफी कार्यकर्ता शामिल थे।

# भरतपुर में चेटीचण्ड महोत्सव का दो दिवसीय भव्य आयोजन संपन्न

## बाइक रैली और शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पूज्य सिंधी पंचायत समिति भरतपुर के तत्वावधान में सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल जी का जन्मोत्सव चेटीचण्ड दो दिवसीय भव्य आयोजनों अटूट श्रद्धा और सामाजिक एकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव का आगाज भव्य बाइक रैली के साथ हुआ जो कला मंदिर से कुम्हेर गेट तक निकाली गई। इस रैली में समाज के युवाओं और मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिससे पूरा मार्ग केसरिया ध्वजों और जयकारों से भर गया। अभिनंदन मैरिज होम में भजन संध्या का आयोजन किया गया जहाँ गायकों ने भक्ति रस की वर्षा की। इसके पश्चात आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया। महोत्सव के दूसरे दिन शाही स्नान और सत्संग का आयोजन हुआ। मोरी चार बाग स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में प्रातः फूल बंगला झांकी के दर्शन हुए। इसी दौरान समाज द्वारा आयोजित चित्र भरो प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सांय निकाली गई भव्य शोभायात्रा (पूज्य बहराणा साहिब) साथ झांकियां यह यात्रा बिजलीघर, चौबुर्जा और लक्ष्मण मंदिर कोतवाली बाजार जैसे प्रमुख मार्गों से होती हुई मंसा माता मंदिर गांधी पार्क तक पहुँची। यहाँ सामूहिक अखड़ा और पल्लव पाकर अत्यंत श्रद्धा के साथ पूज्य बहराणा साहिब की पवित्र ज्योत को जल में विसर्जित किया गया।

इस अवसर पर सिंधी समाज के गणमान्य सदस्य अध्यक्ष कमल मतलानी, मोहन मंगलानी, सेउमल पमनानी, कन्हैया जैसानी, महेश चंदानी, कमल रामचंदानी, हरीश सहजवानी, दिलीप आशवानी, हरीश आशवानी, प्रदीप बाधवानी, जगदीश मूलचंदानी, हर्ष रामचंदानी, धर्मेन्द्र धन्नो आदि मौजूद रहे पदाधिकारियों ने सफल आयोजन के लिए प्रशासन व समाज का आभार व्यक्त किया।

# अतिवृष्टि से किसानों की खराब हुई फसल की शीघ्र करायें गिरदावरी-डॉ. गर्ग

## विधायक डॉ. गर्ग ने जिला कलक्टर से की वार्ता

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर में हुई अतिवृष्टि से किसानों की खराब हुई रवी की फसल को लेकर पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने जिला कलक्टर से दूरभाष पर वार्ता कर फसल खराबे का सर्वे कराकर पीडित किसानों को शीघ्र ही मुआवजा दिलाये जाने को कहा।

डॉ. गर्ग ने जिला कलक्टर से वार्ता कर बताया कि शुक्रवार को सुबह से ही हुई जोरदार बरसात होने से किसानों की गेहूं, चना, सरसो सहित अन्य फसलों के खराब होने की स्थिति हो गई है। जिससे किसान चिन्तित हैं और परेशान हो रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि से किसानों की खराब हुई फसल की विशेष गिरदावरी कराने पर जोर देते हुये कहा कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश देकर शीघ्र से शीघ्र फसल खराबे का सर्वे कर किसानों को मुआवजा दिलवायें। जिससे पीडित किसानों को राहत मिल सके।

# विधायक डॉ. गर्ग ने अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर निकाली गई शौर्य यात्रा को दिखाई झंडी

## वीरांगना अवंती बाई के आदर्शों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता- डॉ. गर्ग

### सुनारी गांव में स्कूल व समसपुर रोड पर मसाला उद्योग का भी किया उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर आज लोधा समाज की ओर से कुम्हेर गेट से निकाली गई शौर्य यात्रा को पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया , साथ ही सुनारी गांव में एक निजी विद्यालय का उद्घाटन करने के अलावा समसपुर रोड पर एक मसाला उद्योग का भी उद्घाटन किया। डॉ गर्ग ने लोधा समाज की ओर से वीरांगना अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर शहर में होकर निकाली गई शौर्य यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करते हुये कहा कि वीरांगना अवंती बाई का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता



संग्राम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने वीरांगना अवंतीबाई के शौर्य, पराक्रम,साहस तथा मातृभूमि की रक्षा के लिये किये गये संघर्ष को याद करते हुये उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आव्हान किया। उन्होंने अवंती बाई द्वारा समाज में शिक्षा के लिये फैलाये गये उजियारे को आत्मसात करते हुये बालिकाओं को शिक्षित कर योग्य बनाने पर बल दिया। इस दौरान डॉ. गर्ग का लोधा समाज की ओर से 31 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने सुनारी गांव में बाबा रामसिंह बाल विद्या मन्दिर का उद्घाटन कर उत्कृष्ट कार्य करने पर स्काउट गाइड से जुड़े विद्यार्थियों को मैडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉण् गर्ग ने शिक्षा के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुये कहा कि शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षित होकर राष्ट्रहित में कार्य करने का आव्हान करते हुये शिक्षकों से अपने कार्य के प्रति संवेदनशील होने पर जोर दिया। इसके अलावा डॉ. गर्ग ने समसपुर रोड पर जेपीजी इंटरप्राईजेज मसाला उद्योग का भी उद्घाटन कर शुभकामनायें दी।

इस मौके पर आयोजकों एवं ग्रामीण क्षेत्र लोगों ने विधायक डॉ. गर्ग का माला, साफा व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया।

# सर्व समाज महासभा द्वारा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** सर्व समाज महासभा द्वारा हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में नई मंडी स्थित कार्यालय पर एक भव्य सम्मेलन समारोह का आयोजन जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हिंदू नववर्ष मनाने के पीछे कई मान्यताएं हैं। भगवान ब्रह्मा द्वारा इसी दिन सृष्टि की रचना, महाराजा विक्रमादित्य द्वारा विक्रम संवत की शुरुआत, बसंत ऋतु का आगमन तथा वैज्ञानिक दृष्टि से मौसम का अनुकूल होना और दिन-रात का लगभग समान होना। महासचिव अनिल भारद्वाज ने बताया कि भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक भी रामनवमी के दिन हुआ, जो इस कालखंड को और भी पावन बनाता है। इंजीनियर जीवनलाल ने सभी से आह्वान किया कि नववर्ष पर अपने घरों में दीप प्रज्वलित करें एवं एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर इस पर्व को व्यापक रूप से मनाएं। इस अवसर पर संगठन मंत्री गौरव पाराशर, महिला जिलाध्यक्ष श्वेता यादव महामंत्री मीनाक्षी खत्री, उपाध्यक्ष सरोज शर्मा, एड.सृजना चौधरी, उमेश गोयल, प्रेमचंद लवानिया, अविनाश सोनी,रणजीत सिंह, सुमनेश पाराशर, राजेंद्र दंडोतिया, वीरू सोगर,टीटू महावार चिराग यादव, तन्मय यादव, वीरू सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# तीन दिन में सरसों 500 रुपए उछली, बयाना मंडी में 6730 तक पहुंचे भाव, 7000 पार जाने के आसार



बढ़ता राजस्थान

**बयाना ( अमन झालानी )।** बयाना क्षेत्र सहित पूरे राजस्थान में अनुकूल मौसम और पर्याप्त बारिश के चलते इस बार सरसों की बंपर पैदावार हुई है। इसके बावजूद बयाना अनाज मंडी में सरसों के भाव में तेजी का रुख बना हुआ है। पिछले तीन दिनों में ही सरसों के दाम 500 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक बढ़ गए हैं, जिससे किसानों में खुशी का माहौल है। मंडी में करीब एक महीने से सरसों की बंपर आवक हो रही है। अब भाव में तेजी आने से आवक और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। वहीं, बाजार में सरसों के भाव 7000 रुपए प्रति क्विंटल के पार जाने की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। पिछले वर्ष भी सरसों के भाव एक समय 7200 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गए थे, हालांकि बाद में इनमें गिरावट दर्ज की गई थी। सरसों के प्रमुख कारोबारी व खाद्य व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद रुदावल के अनुसार, गुरुवार को बयाना अनाज मंडी में सरसों के भाव 6650 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचे थे, जो शुक्रवार को बढ़कर 6730 रुपए प्रति क्विंटल हो गए। तीन दिन पहले तक यही भाव करीब 6200 रुपए प्रति क्विंटल थे। जानकारों का मानना है कि विदेशी खाद्य तेलों के आयात में कमी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे युद्ध का असर बाजार पर पड़ रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में सरसों के भाव में और तेजी देखने को मिल सकती है।

# लुधावाई से ऊँचा नगला तक एलिवेटेड रोड के लिए सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## भरतपुर में समग्र यातायात समाधान हेतु एलिवेटेड रोड निर्माण की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक विस्तृत पत्र लिखकर शहर में निरंतर बढ़ते यातायात दबाव, दुर्घटनाओं एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लुधावई से ऊंचा नगला तक एक सतत एलिवेटेड रोड निर्माण की मांग की है। जिसमें वर्तमान में प्रस्तावित सेवर चौराहा एवं सारस चौराहा पर दो पृथक फ्लाईओवर के स्थान पर एकीकृत एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण का सुझाव दिया गया है।



पत्र में उल्लेख किया गया है कि भरतपुर शहर का यह प्रमुख मार्ग (छभ्द्21) न केवल शहर के भीतर यातायात का मुख्य कॉरिडोर है, बल्कि यह विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों एवं प्रवेश बिंदुओं को भी जोड़ता है। इस मार्ग पर सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित कई शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संस्थान स्थित हैं, जहां प्रतिदिन हजारों छात्र, कर्मचारी एवं आमजन आवागमन करते हैं। इसके अतिरिक्त यह मार्ग भरतपुर शहर के प्रमुख प्रवेश द्वारों (म्दजतल च्वपदजे) में से एक है, जहां से बाहरी जिलों एवं राज्यों से आने-जाने वाला भारी यातायात गुजरता है।

गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में प्रस्तावित दो फ्लाईओवर केवल सीमित चौराहों पर जाम की समस्या को आंशिक रूप से कम कर पाएंगे, जबकि लुधावई से ऊंचा नगला तक एलिवेटेड रोड पूरे मार्ग पर निर्बाध एवं तेज यातायात सुनिश्चित करेगा। इससे न केवल ट्रैफिक जाम में स्थायी कमी आएगी, बल्कि शहर के भीतर और बाहर के यातायात का बेहतर समन्वय भी संभव हो सकेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार का सतत एलिवेटेड कॉरिडोर भविष्य के बढ़ते यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए अधिक व्यावहारिक एवं दूरदर्शी समाधान है। इससे यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी, ईंधन की बचत होगी तथा पर्यावरण प्रदूषण में भी कमी आएगी।

सीताराम गुप्ता ने यह भी बताया गया है कि बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय व्यापार, पर्यटन एवं निवेश को बढ़ावा मिलेगा, जिससे भरतपुर के आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। साथ ही, एक सुव्यवस्थित एलिवेटेड रोड शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को आधुनिक स्वरूप प्रदान करते हुए शहरी सौंदर्य को भी सुदृढ़ करेगा। हालांकि प्रारंभिक स्तर पर एलिवेटेड रोड की लागत अपेक्षाकृत अधिक प्रतीत हो सकती है, किन्तु दीर्घकालिक दृष्टि से यह परियोजना अधिक लाभकारी सिद्ध होगी, क्योंकि इससे बार-बार के सुधार कार्यों एवं रखरखाव की आवश्यकता कम होगी और समग्र यातायात प्रबंधन बेहतर होगा।

निदेशक गुप्ता ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि भरतपुर शहर के दीर्घकालिक विकास एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाए तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि यह परियोजना स्वीकृत होती है, तो यह भरतपुर के यातायात ढांचे में एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी बदलाव लाएगी और शहर को आधुनिक एवं व्यवस्थित नगरीय विकास की दिशा में अग्रसर करेगी।

# लायन्स क्लब भरतपुर बृज द्वारा छात्राओं को पुरस्कार एवं स्कूल को वाटर कूलर भेंट किये

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** एस वी के गर्ल्स उच्च माध्यमिक स्कूल में एक सप्ताह से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लायन्स क्लब भरतपुर बृज के संस्थापक अध्यक्ष पीएमजेएफ लायन रामकुमार गुप्ता द्वारा सभी 60 बच्चों को व प्रेरक शिक्षकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा कहा की लायंस क्लब भी गरीब मानवता की सेवा करने का एक माध्यम है और हमेशा सेवा के लिए सदैव तत्पर रहता है। कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती को मुख्य अतिथि रामकुमार गुप्ता, स्कूल की प्रधानाचार्य बबीता चौधरी, क्लब के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष सतीश मित्तल एवं राकेश मित्तल के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं



माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत स्कूल की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की तथा कार्यक्रम कि संयोजक रेनू शर्मा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत पूरे सप्ताह के कार्यक्रमों का ब्योरा प्रस्तुत किया।

स्कूल प्रधानाचार्य श्रीमती बबीता चौधरी ने क्लब की ओर से किए गए पुरस्कार वितरण के लिए आभार व्यक्त किया तथा स्कूल में छात्राओं के लिए ठंडे पानी हेतु एक वाटर कूलर का क्लब से आग्रह किया जिसे लायन्स क्लब भरतपुर बृज ने शीघ्र लगवाने पर अपनी सहमति प्रदान कर दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या, उपस्थित अध्यापक एवं अध्यापिकाओं का भी क्लब की ओर से पटका पहना कर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लायन योगेश गोयल, मुकुल गोयल, शरद बंसल, विपिन गर्ग, राजेश्वर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन अध्यापिका अर्चना बंसल ने किया।

# बारिश व ओला वृष्टि से किसानो की फसल हुई खराब,फसल नुकसान के मुआवजे की मांग



बढ़ता राजस्थान

**वैर( सन्तोष पण्डित )।** क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे अचानक हुई तेज ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। इस दौरान चना-मटर से लेकर कांच की गोलियों के आकार के बड़े-बड़े ओले गिरे, जिससे खेतों में खड़ी और कटी हुई फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। ओलावृष्टि के कारण गेहूं, जौ और चना की फसल प्रभावित हुई है। कई जगहों पर कटी हुई फसल भी भीगकर खराब हो गई, जिससे किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि फसल कटाई का समय चल रहा था, ऐसे में इस तरह की बारिश और ओलावृष्टि ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। गांव जटबलाई निवासी एवं राजस्थान किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेन्द्र चौधरी ने कहा कि राजस्थान के कई जिलों में बेमौसम बरसात ने किसानों के सपनो पर पानी फेर दिया है। राज्य सरकार व केंद्र सरकार अन्नदाताओं की इस पीड़ा को समझें और गिरदावरी रिपोर्ट मंगवाकर उचित मुआवजा प्रदान करें।

# अकतासा में जलापूर्ति संकट, वाल-मेन की मनमानी से ग्रामीणों में आक्रोश

## समस्या को दाये बाये करने लगे जिम्मेदार अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन( सुरेश मोमिया )।** निकटवर्ती ग्राम अकतासा में इन दिनों भीषण गर्मी के दस्तक देने से पहले ही पानी को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है। गांव के ब्राह्मण मोहल्ले के निवासियों ने जलापूर्ति व्यवस्था संभाल रहे वाल-मेन पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की है।

मोहल्ले वासियों का कहना है कि गांव में जलापूर्ति को लेकर वाल-मेन अपनी मनमानी करते हुए पानी सप्लाई में भेदभाव करता है, किसी मोहल्ले में एक तो किसी मोहल्ले में दो से अधिक घंटे तक जलापूर्ति की जाती है।

कम समय आपूर्ति से आधे घरों तक भी पानी नहीं पहुँच पाता, जिससे महिलाओं को दूर-दराज के हैंडपंपों और कुओं से पानी ढोने पर मजबूर होना पड़ रहा है। महिलाओ ने बताया कि प्रतिदिन दो किलोमीटर दूर गांव के शमशान में लगे नलकूप से पानी लेकर आना पड़ता है। विगत है कि अकतासा में गत 6 माह पहले से ही गांव में हर घर पर नल की लाइन बिछाकर तेयार कर दी गयी है लेकिन उसमे सप्लाई अभी तक चालू नहीं की गयी है।

अभी तक हर मोहल्ले में एक या दो पॉइंट लगा रखे है जिसमें जलापूर्ति होती है, जहाँ पानी के लिए मोहल्ले वालों को नंबर लगाना पड़ता है। ऐसे में कुछ लोगो को ही पर्याप्त पानी मिल पाता है।

### अभद्र व्यवहार से ग्रामीण परेशान

मोहल्ले वासियों ने बताया कि जब इस समस्या को लेकर वालमेन से बात करने की कोशिश की जाती है, तो वह समाधान करने के बजाय अभद्र भाषा का प्रयोग करता है, जिससे मोहल्ले के लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जलापूर्ति व्यवस्था नहीं सुधारी गयी और लापरवाह वालमेन के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो मजबूरन जलदाय विभाग के कार्यालय का घेराव करना पड़ेगा। स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि अकतासा गांव की जलापूर्ति व्यवस्था को सुधारा जाए ताकि लोगों को इस मूलभूत सुविधा के लिए परेशान न होना पड़े।

### इनका कहना है -

जल जीवन मिशन के तहत जितना पानी हमें आगे से टंकी में मिल रहा है उतना हम सप्लाई कर रहे है। हमें ग्राम पंचायत के सात गांवों में पानी की आपूर्ति करनी पड़ती है।

**जगदीश कारपेंटर (वालमेन)**

मुझे इस मामले में जानकारी नहीं है, स्वजल धारा समिति द्वारा टंकी निर्माण किया गया था। इस मामले में जानकारी करके बता पाउँगा ।

**– राधेश्याम राठौर ग्रामसेवक अकतासा**

# सट्टा बाजार पर पुलिस की कार्यवाही

**71 सौ रुपए के साथ सटोरिया गिरफ्तार,अब तक 13 बार हो चूंकि कारवाई**

बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन ( नि.स. )।** सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की पर्चियां काटते हुए स्थानीय पुलिस ने सी आई अलका विश्नोई के नेतृत्व में एक सटोरिये को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के तहत पुलिस ने कब्रिस्तान के पास सट्टे की पर्चियां काटते हुए झालरापाटन बड़े मंदिर के पिछे रहने वाले विजय कुमार जैन उर्फ पप्पू आत्मज नरेंद्र कुमार जेन को 71 सौ रुपए नकदी व सट्टे के उपकरण व हिसाब के साथ संगठित अपराध की धारा 112 बी एन एस में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। खास बात यह है पुलिस रिकार्ड के अनुसार आरोपी 14 वी बार सट्टे चलाने के आरोप में गिरफ्तार हुआ है।

# न्यायालय परिसर में आयोजित हुआ नेत्र जांच शिविर

**न्याय अधिकारियों तथा अधिवक्ताओं ने करवाई अपने नेत्रों की जांच**



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** गुरुवार को न्यायालय परिसर झालावाड़ में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया 7 शिविर का आयोजन अभिभाषक परिषद समिति झालावाड़ के तत्वधान में किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला एवं सेशन न्यायाधीश आलोक सुरलिया द्वारा किया गया। शिविर में झालावाड़ जिला एवं सेशन न्यायालय के न्यायिक अधिकारी कर्मचारी तथा अभिभाषक परिषद झालावाड़ के अधिवक्ताओं ने अपनी जांच करवाई। निशुल्क नेत्र जांच शिविर में डॉक्टर रविंद्र कुमार मीणा ने अपने स्टाफ के साथ अपनी सेवाएं प्रदान की इस मौके पर डॉक्टर रविंद्र कुमार मीणा ने आमजन से अपील की है कि नेत्र से होने वाले रोगों के लिए जागरूक रहे नेत्र रोगों को लेकर लापरवाही इंसान को संकट में डाल सकती है। जब भी आंखों से संबंधित कोई भी समस्या हो तो तुरंत प्रभाव से डॉक्टर से परामर्श लेने की आवश्यकता है ताकि नेत्र सुरक्षित रहे। इस मौके पर अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने अपनी सेवाए प्रदान करने वाले डॉ रवीन्द्र कुमार मीना व उनके स्टाफ का आभार व्यक्त किया। महासचिव सौम्य परिहार द्वारा भी उक्त शिविर का आयोजन में सभी सहयोग कर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

# वैश्य समाज ने पुष्कर महायज्ञ में लिया सहभाग, दिया एकता व संस्कार का संदेश




बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** तीर्थराजपुष्कर में आयोजित हो रहे भव्य शत (100) गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ में अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन अजमेर द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सहभाग किया गया। आतंकवाद के शमन, हिन्दू राष्ट्र निर्माण एवं विश्व कल्याण के उद्देश्य से यज्ञ सम्राट महा मंडलेश्वर प. पू. स्वामी प्रखर महाराज के सान्निध्य में चल रहे इस दिव्य अनुष्ठान में वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों एवं वैश्य बंधुओं ने विधिवत परिक्रमा एवं पूजन कर धर्मलाभ अर्जित किया तथा संत निवास में महाराज के दर्शन एवं आशीर्वचन का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने महामंडलेश्वर संत प्रखर महाराज का माल्यार्पण कर व शॉल व दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन भी किया तथा पुष्कर की पावन धरा पर विश्व कल्याण हेतु किये जा रहे महायज्ञ के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वैश्य समाज के प्रमुख पदाधिकारी मुख्य संरक्षक कालीचरण दास खंडेलवाल, संरक्षक रमेशचंद अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रमेशचंद तापड़िया, जिला महामंत्री उमेश गर्ग, प्रदेश मंत्री सूरज नारायण लखोटिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश चंद गोयल एवं शैलेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र मित्तल, कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र गुप्ता, युवा उपाध्यक्ष दीपक चोपड़ा, प्रमोद डीडवानिया, विष्णु प्रकाश गर्ग, दिनेश प्रणामी, कमल बानुड़ा, लोकेश सोजतिया, सुरेश राठी सहित अनेक वैश्य बंधुओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# राजकीय विद्यालय तरनावों का खेड़ा (कपासन) के मेधावी छात्र सिद्धार्थ जाट का नवोदय विद्यालय में चयन होने से क्षैत्र में हर्ष व्याप्त

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तरनावो का खेड़ा में अध्ययनरत मेधावी छात्र सिद्धार्थ जाट का नवोदय विद्यालय के लिए चयन होने से क्षेत्रीय ग्रामीणों एवं विद्यार्थी वर्ग में उत्साह एवं हर्ष व्याप्त है।

जानकारी अनुसार उपखंड क्षैत्र कपासन में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तरनावो का खेड़ा में अध्ययनरत मेधावी छात्र सिद्धार्थ जाट का नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। जिससे क्षेत्रवासियों एवं विशेष रूप से विद्यार्थी वर्ग में उत्साह एवं हर्ष व्याप्त है।

उल्लेखनीय है कि उपखंड क्षैत्र कपासन के राजकीय विद्यालय तरनावों का खेड़ा में अध्ययनरत मेधावी छात्र सिद्धार्थ जाट द्वारा नवोदय विद्यालय में चयन हेतु आयोजित परीक्षा में 87.50 प्रतिशत अंकों के साथ 49वीं रैंक प्राप्त की गयी है।

# मदार कोचिंग डिपो ने व्हील टायर टर्निंग में हासिल की उपलब्धि

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** अजमेर मंडल के मदार कोचिंग डिपो ने व्हील टायर टर्निंग में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए चालू वित्त वर्ष में अब तक, डिपो में स्थापित अत्याधुनिक सीएनसी अंडर फ्लोर व्हील लेथ मशीन द्वारा रिकॉर्ड 156 कोचों के व्हील टायर टर्निंग का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। अजमेर मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा के अनुसार मदार कोचिंग डिपो में इस मशीन की स्थापना से अब कोच के पहियों को टर्निंग के लिए अजमेर कारखाना भेजने की आवश्यकता पूरी तरह समाप्त हो गई है। इससे परिवहन में लगने वाले समय और लागत की भारी बचत हो रही है। स्थानीय स्तर पर ही टर्निंग कार्य होने से कोच कम समय में %फिट% होकर परिचालन के लिए तैयार हो रहे हैं।

पहियों की समय पर उपलब्धता ने डिपो की कार्यक्षमता बढाई है। कोचों के टर्न-अराउंड समय में कमी आने और उनकी उपलब्धता बढ़ने से ट्रेनों का संचालन और भी बेहतर हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप रेलवे के राजस्व में अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ोतरी हो रही है। सीएनसी अंडर फ्लोर व्हील लेथ मशीन लोकोमोटिव, कोच, वैगन के पहियों को बिना बोगी से अलग किए (अंडरफ्लोर) सीधे रेल ट्रैक पर ही प्रोफाइलिंग और री-प्रोफाइलिंग करने वाली एक स्वचालित, सटीक मशीन है, जो घिसे हुए पहियों को टर्निंग प्रक्रिया द्वारा सटीक आकार प्रदान करती है।

# चेटीचंड पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन( सुरेश मोमिया )।** सिंधी समाज के प्रमुख पर्व चेटीचंड के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा जैसे ही मुख्य मार्गों से होकर गुजरी, भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल बरसाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूरे मार्ग पर 'झूलेलाल बेले ही पार' के जयकारों से माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि चेटीचंड न केवल सिंधी समाज का बल्कि पूरे समाज के लिए आस्था और एकता का पर्व है। इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक निर्मल सकलेचा, पुर्व पालिका अध्यक्ष व पूर्व भाजपा जिला मंत्री डा.राजेश शर्मा, जिला मंत्री महेश बटवानी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिपक शर्मा, वरिष्ठ नेता व समाजसेवी निर्मल दुआ, अनिल नोपडा, नितेश परमार, माणक राठौर, विक्की रावल, देवेन्द्र नामदेव, अक्षत जोशी, पीयूष बटवानी, पीयूष राठोर, अर्जुन कसारा, विनोद सेन, राजमल आर्य,रईस ख़ान, मुकेश चेलावत आदि कार्यकताओं मौजूद थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंचायत समिति कपासन के समस्त मंत्रालयिक कर्मचारियों ने लिया ग्राम सभाओं में भाग नहीं लेने का निर्णय

## ज्ञापन सौंपकर अवैधानिक एवं अलिखित दायित्व थोपे जाने पर जताया तीव्र विरोध

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** क्षेत्रीय मंत्रालयिक कर्मचारियो द्वारा शुक्रवार को पंचायती राज अधिनियम के प्रदत्त दायित्व के विपरित ग्राम सभाओं में भाग नही लेने का निर्णय लिया गया। साथ ही ज्ञापन सौंपकर अवैधानिक अलिखित दायित्व थोपे जाने का तीव्र विरोध किया गया। जानकारी अनुसार पंचायत समिति कपासन क्षैत्र के समस्त पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा पंचायती राज अधिनियम में प्रदत्त दायित्वों के विपरित ग्राम सभाएं कराकर अवैधानिक रूप से अलिखित दायित्व थोपे जाने का विरोध किया गया है।साथ ही विरोध में बताया कि शुक्रवार 20 मार्च को आयोजित ग्राम सभाओं में पंचायत समिति कपासन क्षैत्र के समस्त मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा भाग नही लेने का निर्णय लिया गया। इस दौरान कपासन के मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा विरोध व्यक्त करते हुवे विकास अधिकारी कपासन मुकेश पोरवाल को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के अति. मुख्य शासन सचिव एवं आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मंत्रालयिक कर्मचारियों संघ उप शाखा कपासन के संरक्षक कैलाशचन्द्र गर्ग ने बताया कि उक्त ज्ञापन प्रक्रिया दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता विजयवर्गीय, शाखा अध्यक्ष माधवलाल नायक, पूर्व अध्यक्ष एवं सचिव देशबंधु जोशी, श्यामलाल बैरवा, कैलाशचन्द्र जाट, लोकेश गौड़, लक्ष्मीलाल जाट, देवेन्द्र प्रजापत, सुरेन्द्र विजय, गायत्री बैरागी, प्रकाश गर्ग, विष्णुगिरी गोस्वामी, जितेन्द्र कुमार भट्ट, बृजेश जैसवाल, ललिता शर्मा, किशन जाट, आशीष शर्मा, आशीष त्रिपाठी आदि क्षेत्रीय मंत्रालयिक कर्मचारियों उपस्थित रहे।

इधर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष माधवलाल नायक ने कहा कि संगठन द्वारा सरकार का ध्यानाकर्षण कराने के उपरांत भी संवर्ग विशेष के दबाव में पंचायती राज विभाग द्वारा कोई स्थायी व्यवस्था नही की गई है।

जबकि दूसरा संवर्ग सरकार को काम बन्द करके दबाव में लाता है। जिस पर पंचायती राज विभाग द्वारा अस्थाई व्यवस्था के तहत कनिष्ठ लिपिकों को उनके कार्य सोंप दिये जाते है। इस मौके पर मंत्रालयिक कर्मचारी संघ कपासन के पूर्व अध्यक्ष देशबंधु जोशी ने कहाकि राज्य में पंचायत समितियों में इस बाबत कनिष्ठ लिपिकों को बाध्य किया जा रहा है। जो राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 में ग्राम सभा के आयोजन के लिए वर्णित प्रावधानों के अनुरूप नही है। जिससे संगठन द्वारा निर्णय लिया गया है कि किसी अन्य संवर्ग के पदीय दायित्वों का विधिक प्रावधानों के विपरित जाकर ग्राम सभाओं में भाग नही लिया जायेगा।

# श्री मूला मातारानी के दरबार में चैत्र नवरात्रि मेले के साथ भक्तों एवं श्रद्धालुओं का बढ़ने लगा हुजूम

## मेले के रंगमंच पर आयोजित भजन संध्या में झूम उठे श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** नगर के राजमार्ग स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री मूला माता मंदिर पर दस दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले का शुभारंभ होने के साथ चहुंओर मातारानी की भक्ति एवं आशीष का संचार होने लगा है। जिसके तहत कपासन नगर के राजमार्ग स्थित प्राचीन शक्तिपीठ श्री मूला मातारानी के दरबार में भक्तों एवं श्रद्धालुओं सहित मेलार्थियों का आवागमन बढ़ने लगा है। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु शक्तिपीठ श्री मूला माता मंदिर पहुंचकर मातारानी के आशीष से लाभान्वित हो रहे हैं। यहां श्री मूला मातारानी के दरबार में प्रतिवर्ष की भांति आयोजित दस दिवसीय भव्य चैत्र नवरात्रि मेले के प्रथम दिवस गुरुवार को मेले के रंगमंच पर मेलार्थियों एवं श्रद्धालुओं हेतु विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे भजन गायककारों द्वारा मातारानी की भक्ति से ओतप्रोत मनमोहक भजनों की आनंदमयी प्रस्तुतियां दी गयी। जिस पर उपस्थित सैकड़ों भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा झूमते-नाचते भक्तिरस का लुत्फ उठाया गया। इस दौरान मेले के रंगमंच पर गायककारों द्वारा माताजी की लावणी, गणपति वंदना, गुरु महिमा एवं तेजाजी पर आधारित धार्मिक भजनों की प्रस्तुतियां दी गयी।

इधर श्री मूला माता मंदिर समिति अध्यक्ष एवं पूर्व नपा पार्षद सत्यनारायण आचार्य ने बताया कि कपासन के प्राचीन शक्तिपीठ श्री मूला मातारानी के दरबार में प्रतिवर्ष नगर एवं ग्रामीण अंचल सहित समीपवर्ती प्रदेश क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्तगण पधारकर श्री मूला मातारानी के दर्शन प्राप्त कर आशीष लेते है। यहां दस दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले में आगंतुक भक्तों एवं श्रद्धालुओं के लिए महाभंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से हजारों भक्त श्री मूला मातारानी के महाप्रसाद से लाभान्वित हो सकेंगे। साथ ही श्री मूला माता मंदिर समिति के सदस्य राकेश आचार्य ने बताया कि श्री मूला मातारानी के दरबार में आयोजित दस दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले में आने वाले मेलार्थियों एवं बच्चों के मनोरंजन हेतु चकरी,झूले, डोलर,मौत का कुआं एवं मिकी माउस सहित कई प्रतिष्ठान लगे हैं। साथ ही मेले के रंगमंच पर शुक्रवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमे बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा मातारानी की भक्ति से ओतप्रोत भजनों का झूमते-नाचते लुत्फ उठाया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में बच्चों ने किया पौधारोपण एवं स्वच्छता कार्य

## शिविर के अंतिम दिवस पर सभी स्वयंसेवक हुए भावुक



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** सनातन धर्म राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिवस पर संस्था प्रधान गुरुशरण गोयल के सानिध्य में तथा कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा ब्रह्मवार के मार्गदर्शन में सभी स्वयंसेवकों ने विद्यालय स्टाफ रूम सहित कई कमरों में सफाई कार्य किया साथ में पौधारोपण एवं पेड़ पौधों को पानी भी पिलाया इस शिविर की थीम 'मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा' को ध्यान में रखते हुए स्वयंसेवकों ने विभिन्न रचनात्मक कार्य किए विद्यार्थियों को सामाजिक सद्भाव के साथ स्नेह भोज का आनंद लिया।

प्रमुख वार्ताकार के रूप में व्याख्याता प्रदीप कुमावत ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया उक्त शिविर का अवलोकन व्याख्याता संजय कुमार दगदी ने किया साथ ही विद्यालय परिवार के बालक बालिकाएं उपस्थित रहे।

# सेवा, संस्कार और समर्पण का संगम : कोटड़ा में एनएसएस शिविर का सफल समापन



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय शिविर शुक्रवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार प्रजापति ने की शिविर प्रभारी भैरू राम बुनकर ने शिविर के दौरान किए गए विभिन्न सामाजिक एवं जागरूकता कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी की जानकारी दी। प्रधानाचार्य प्रजापति ने एनएसएस की उपयोगिता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला कार्यक्रम का संचालन हेमराज सिवासिया ने किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के सदस्य अनिल शर्मा, मनीष व्यास, दीपक कुमार, शिवाराम, अजय पाल पूनिया, हेमंत सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# चित्तौड़गढ़ जिले में बढ़ती चेन स्नेचिंग की घटनाओं पर अग्रवाल समाज ने जताई चिंता, एसपी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** शहर में लगातार बढ़ रही चेन स्नेचिंग एवं लूट की घटनाओं को लेकर जिला अग्रवाल समाज ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

जिला अग्रवाल समाज अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल विवेकानंद संरक्षक नेमीचंद अग्रवाल, महामंत्री मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता युवा जिला अध्यक्ष राजू अग्रवाल शंभूपुरा, अशोकजी लैब समिति अध्यक्ष राकेशजी गुप्ता, बसंतीलालजी अग्रवाल, बद्रेशजी अग्रवाल शैलेंद्रजी नरेड़ी लोकेश जी चंदेरिया, सोशल ग्रुप के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, रमेशजी कुवालिया, गोपालजी अग्रवाल, विवेक शाह ऐरन, समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक के नाम एडिशनल एसपी सरिता सिंह, सीआई तुलसीराम प्रजापत,को ज्ञापन में बताया कि दिनांक 19 मार्च 2026 को आकाशवाणी रोड स्थित अग्रसेन मांगलिक भवन के पास समाज की महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती शोभाना अग्रवाल गणगौर पूजा हेतु जा रही थीं, तभी अज्ञात बदमाशों ने उनकी सोने की चेन लूट ली। इस दौरान उनके गले पर खरोच के निशान भी आए। इसके अलावा एक अन्य घटना मुख्य सब्जी मंडी के पीछे हजारेश्वर मार्ग पर घटित हुई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं। अग्रवाल समाज का कहना है कि इन लगातार घटनाओं से स्पष्ट है कि शहर में असामाजिक तत्व सक्रिय हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल बन गया है और कानून व्यवस्था पर समाज ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सभी घटनाओं की गंभीरता से जांच कर अज्ञात आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए तथा शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## राजस्थान स्थापना दिवस पर पीएम ने बधाई क्यों नहीं दी?

### जूली बोले- क्या नई तिथि पर मनाने पर मोदी से पूछा नहीं था, कोई नाराजगी है?

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान दिवस को हिंदू नववर्ष के दिन मनाए जाने पर पीएम नरेंद्र मोदी के शुभकामना नहीं देने के मुद्दे पर कांग्रेस ने तंज कसा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार ने नई तिथि के हिसाब से राजस्थान दिवस मनाया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभकामनाएं तक नहीं दी। जूली ने कहा–प्रधानमंत्री ने नई तिथि के हिसाब से मनाए गए राजस्थान स्थापना दिवस पर बधाई क्यों नहीं दी। क्या पीएम को नई तिथि के हिसाब से राजस्थान स्थापना दिवस मनाने पर पूछा नहीं था, क्या कोई नाराजगी है? इससे साफ है कि नई तिथि से मनाए गए राजस्थान स्थापना दिवस को पीएम तक ने नहीं अपनाया है। राजस्थान सरकार पिछली बार से 30 मार्च की जगह हिंदू पंचांग के हिसाब से चैत्र प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मना रही है। सीएम ने बजट में इसकी घोषणा की थी।

जूली बोले– दलितों के विकास का दिखावा करती है सरकार

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से जुड़ी संसदीय समिति की रिपोर्ट को लेकर केंद्र सरका पर निशाना साधा। जूली ने कहा कि अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए आवंटित बजट का बड़ा हिस्सा खर्च न कर वापस लौटाना सरकार की नीयत और प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

जूली ने कहा– वित्त वर्ष 2024–25 में एससी विभाग के लिए 10,309 करोड़ रुपए मंजूर किए गए थे, लेकिन इनमें से 2,345 करोड़ रुपए यानी 23 प्रतिशत राशि सरकार ने सरेंडर कर दिए। पहले बजट अनुमान में राशि बढ़ाकर बड़ी घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन संशोधित अनुमान में इसे करीब 30 प्रतिशत तक घटा दिया जाता है।

इसके बावजूद जो राशि बचती है, उसका भी पूरा उपयोग नहीं हो पाता, जो प्रशासनिक विफलता और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को उजागर करता है।

## कथावाचक प्रदीप मिश्रा बोले- रिश्तेदारों-सहेलियों को दिखाओ सोने के जेवर

### यहां किसको दिखाने आई हो, भोले बाबा तो खुद डायमंड हैं; शिवमहापुराण को महसूस करो

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा से शुरू हुई। उन्होंने कथा में आई महिलाओं को कहा– मेरा बाबा तुम्हारी सोने की चेन,मंगलसूत्र और कुंडल नहीं देखेगा। ये सब अपने रिश्तेदारों और सहेलियों को दिखाओ। भगवान शंकर को यह देखना पसंद नहीं है। वो तो स्वयं कुबेर है। उन्होंने कहा– श्रीमद्भागवत कथा, रामचरितमानस, विष्णु पुराण, अग्नि पुराण को सुना जाता है, पर शिव महापुराण को महसूस किया जाता है। आप (भक्त) कथा श्रवण करने के लिए नहीं बल्कि शिव से अपने मन की बात कहने के लिए पहुंचे हो। मेरा बाबा डायमंड है। उस डायमंड को लेकर घर जाना है। बता दें कि मानसरोवर स्थित वीटी रोड मेला ग्राउंड पर कथा हो रही हैं। 7 दिन तक होने वाली कथा में शामिल होने प्रदेशभर से भक्त पहुंचे हैं। आज पहले दिन की कथा संपन्न हो गई है। कल (शनिवार) की कथा दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। वहीं भीड़ का फायदा उठाकर आए कई चेन स्नैचर को आज पुलिस ने पकड़ा।

## विश्व हिंदू परिषद ने जारी किया नया हेल्पलाइन नंबर

### लव जिहाद, धर्म परिवर्तन पीड़ितों के लिए विहिप का तुरंत मदद का वादा




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने हाल ही में हिंदू त्योहारों के दौरान हुई घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। संगठन ने लव जिहाद, लैंड जिहाद और धर्म परिवर्तन जैसे संवेदनशील मामलों में सहायता प्रदान करने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जयपुर के भारत माता मंदिर स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया। परिषद ने हिंदू समुदाय के हितों की रक्षा के लिए 24 घंटे सक्रिय रहने वाली हेल्पलाइन नंबर 9024669328 जारी की है। संगठन का दावा है कि यह नंबर लव जिहाद,लैंड जिहाद, धर्म परिवर्तन, और उत्पीड़न से जुड़े मामलों में तत्काल सहायता और उचित मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

# राजस्थान में लगातार तीसरे दिन ओले गिरे, तेज बारिश



## मार्च में छाया कोहरा, फरवरी जैसी ठंडक, 11 डिग्री लुढ़का पारा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण जयपुर सहित कई जिलों में सुबह तेज बरसात हुई। टोंक और धौलपुर में ओले गिरने से फसलों को नुकसान पहुंचा है। श्रीगंगानगर में कोहरा छाने के कारण विजिबिलिटी 10 मीटर से भी कम रही।

मार्च में छा रही धुंध वेदर एक्सपर्ट को भी चौंका रही है। शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन बारिश और ओले गिरने से फरवरी जैसी ठंडक हो गई है।

वहीं, गुरुवार को राजस्थान में तूफानी बारिश और ओले गिरने से दिन का तापमान 11 डिग्री तक लुढ़क गया। बाड़मेर, अलवर में गुरुवार को 10एमएम से ज्यादा पानी बरसा।

### मार्च में ओले गिर रहे, कोहरा भी छाया

जयपुर शहर और आसपास के एरिया में सुबह से हो रही तेज बरसात से पारा गिर गया है। बारिश का दौर शुक्रवार अलसुबह 3 बजे शुरू हुआ। सीकर में रातभर बूंदाबांदी होती रही। श्रीगंगानगर में आज सुबह कोहरा छाया रहा। यहां विजिबिलिटी 10 मीटर से कम रही। टोंक जिले में ओले गिरने से बड़े एरिया में मूंग की फसल को नुकसान पहुंचा है।

वहीं, बाड़मेर में पिछले 24 घंटे के दौरान 16.7एमएम, अलवर में 13.4एमएम, जैसलमेर में 5.4, बीकानेर में 5.6एमएम बरसात दर्ज हुई। सीकर, अलवर, डीग और कोटपूतली–बहरोड़ के एरिया में तेज बारिश के साथ कहीं–कहीं ओले गिरे।

## जोमैटो से खाना मंगवाना महंगा हुआ:प्लेटफॉर्म फीस 19% बढ़ाई, हर ऑर्डर पर 12.50 के बजाय अब 14.90 देने होंगे

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली।** फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो से खाना ऑर्डर करना अब महंगा हो गया है। कंपनी ने आज 20 मार्च से ऑर्डर पर प्लेटफॉर्म फीस में 19% बढ़ोतरी की है। यूजर्स को हर ऑर्डर पर 12.50 के बजाय अब 14.90 यानी 2.40 ज्यादा प्लेटफॉर्म फीस देनी होगी। प्लेटफॉर्म फीस हर एक फूड ऑर्डर पर लागू होने वाला ऐडिशनल चार्ज हैं। ये त्नस्ञ्ज, रेस्तरां चार्ज और डिलीवरी फीस से अलग है। जोमैटो रोजाना 20 से 25 लाख ऑर्डर डिलीवर करता है।

### स्विगी के करीब पहुंचे प्लेटफॉर्म फीस के दाम

जोमैटो की मुख्य प्रतिद्वंदी कंपनी स्विगी अभी टैक्स समेत लगभग 14 .99 प्लेटफॉर्म फीस वसूल रही है। आमतौर पर देखा गया है कि जब भी इन दोनों में से कोई एक कंपनी फीस बढ़ाती है, तो दूसरी कंपनी भी जल्द ही अपने दाम बढ़ा देती है।

### जोमैटो ने 2 रुपए से की थी प्लेटफॉर्म फीस की शुरुआत

कंपनी ने 7 महीने में दूसरी बार प्लेटफॉर्म फीस बढ़ाई है। इससे पहले सितंबर–2025 में 20% का इजाफा किया गया था। अगस्त 2023 में जोमैटो ने अपना मार्जिन बढ़ाने और प्रॉफिटेबल बनने के लिए पहली बार 2 रुपए का प्लेटफॉर्म शुल्क शुरू किया था। कंपनी ने बाद में इसे बढ़ाकर 3 रुपए कर दिया और 1 जनवरी 2024 को 4 रुपए कर दिया। फिर इसे धीरे–धारी बढ़ाकर 7 रुपए कर दिया था।

## इजराइल को धमकी देने के बाद ईरानी अफसर की मौत

### कहा था- नेतन्याहू के लिए सरप्राइज तैयार

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के प्रवक्ता जनरल अली मोहम्मद नैनी की शुक्रवार को हवाई हमले में मौत हो गई। आईआरजीसी ने एक बयान जारी कर उनकी मौत की पुष्टि की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नैनी को हालिया हमले में निशाना बनाया गया। नैनी ने अपने आखिरी बयान में कहा था कि इजराइल और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए 'सरप्राइज' तैयार है। उन्होंने दावा किया था कि ईरान की मिसाइल क्षमता अपने चरम पर है और दुश्मन को जल्द ही इसका असर देखने को मिलेगा। नैनी ने यह भी कहा था कि युद्ध के बावजूद ईरान लगातार मिसाइल उत्पादन कर रहा है और उसके पास पर्याप्त भंडार मौजूद है। लेकिन उनका यह बयान सामने आने के कुछ ही घंटों बाद आईआरजीसी ने पुष्टि की कि नैनी अमेरिकी–इजराइली हमले में मारे गए। ईरान ने इस हमले को कायराना करार देते हुए कहा कि यह उसके शीर्ष सैन्य नेतृत्व को निशाना बनाने की साजिश का हिस्सा है।

## भागवत बोले– युद्ध स्वार्थ और वर्चस्व की चाहत का नतीजा

बढ़ता राजस्थान

**नागपुर।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में संघर्षों की असली वजह स्वार्थ और वर्चस्व की चाहत है। स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म को मानने से ही हासिल की जा सकती है। भागवत नागपुर में विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा– पिछले 2,000 साल से दुनिया ने संघर्षों को सुलझाने के लिए कई प्रयोग किए हैं, लेकिन उन्हें बहुत कम सफलता मिली है। आरएसएस चीफ ने यह भी कहा कि भारत का स्वभाव ही ऐसा है जो सद्भाव में विश्वास रखता है। यही कारण है कि पूरी दुनिया से यह आवाज उठ रही है कि भारत ही ईरान–इजराइल युद्ध को खत्म करने में मदद कर सकता है।

## मुख्य सचिव ने जिले में मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान का किया शुभारंभ

### 19 मार्च से 15 मई तक चलेगा विकसित ग्राम अभियान, हर पंचायत में बनेगा विकास का रोडमैप

### ग्राम स्तर से तैयार होगा विकसित राजस्थान 2047 का रोडमैप– मुख्य सचिव

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर।** राज्य के मुख्य सचिव श्री वी श्रीनिवास ने शुक्रवार को भीलवाड़ा जिले के प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्वरूपगंज में आयोजित प्रथम ग्राम सभा में भाग लेकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अभियान की प्रगति एवं तैयारियों का जायजा लिया। मुख्य सचिव ने राजीविका स्टॉल का अवलोकन कर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसमें युवा, नारी शक्ति, गरीब एवं अन्नदाता को केंद्र में रखते हुए योजनाएं बनाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान माननीय मुख्यमंत्रीश्री भजनलाल शर्मा का दूरदर्शी विजन है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के समग्र एवं योजनाबद्ध विकास को सुनिश्चित करना है।

मुख्य सचिव ने बताया कि विकसित राजस्थान 2047 के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया गया है, जिसके तहत राज्य को सतत आर्थिक वृद्धि के साथ सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत संरचना के विकास, औद्योगिक विस्तार एवं पूंजीगत व्यय में वृद्धि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

भीलवाड़ा जैसे औद्योगिक जिलों में टेक्सटाइल एवं स्पिनिंग सेक्टर को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। उन्होंने अभियान की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए बताया कि यह एक जन–केंद्रित एवं सहभागी योजना है, जिसके अंतर्गत 19 मार्च से 15 मई तक ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर व्यापक जनभागीदारी के साथ विकास योजनाओं का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं—जैसे पेयजल, सड़क, बिजली, स्वच्छता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं—का विस्तृत आकलन किया जाएगा तथा त्नढ्ढस् आधारित प्लानिंग के माध्यम से अल्पकालीन (वर्ष 2030 तक), मध्यकालीन (वर्ष 2035 तक) एवं दीर्घकालीन (वर्ष 2047 तक) विकास योजनाएं तैयार की जाएंगी।

## सरकार बोली- एलपीजी की पैनिक बुकिंग घटी, लेकिन हालात चिंताजनक

### हर दिन 55 लाख सिलेंडर की मांग, 7500 कंज्यूमर पीएनजी पर शिफ्ट हुए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एलपीजी संकट को लेकर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अब पैनिक बुकिंग में कमी आई है। देशभर में गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, लेकिन हालात अभी भी चिंता वाले बने हुए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने बताया कि 19 मार्च को करीब 55 लाख सिलेंडर की बुकिंग हुई। वहीं, करीब 7500 उपभोक्ता एलपीजी से पीएनजी में शिफ्ट हुए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की तरफ से ये बातें केंद्रीय मंत्रालयों की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही गई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि ईरान से 913 भारतीय आर्मेनिया और अजरबैजान के रास्ते वापस लौट रहे हैं।

**कालाबाजारी रोकने के लिए 4500 छाप मारे**– पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने निगरानी बढ़ाने के लिए 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम और जिला स्तर पर मॉनिटरिंग कमेटियां बनाई हैं। जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देशभर में 4500 छापे मारे गए। इनमें से 1100 छापे उत्तर प्रदेश में हुए। वहीं ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 1800 सरप्राइज इंस्पेक्शन भी किए। सुजाता शर्मा ने कहा कि पिछले एक हफ्ते में करीब 11,300 टन कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं को दी गई है और 18 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में इसका आवंटन किया गया है।



### पीएम मोदी ने 5 देशों के नेताओं से बात की

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री ने ओमान, मलेशिया, फ्रांस, जॉर्डन और कतर के नेताओं से बात की। इस दौरान वेस्ट एशिया में चल रहे संघर्ष पर भारत का पक्ष रखा। सभी नेताओं ने स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में सुरक्षित आवाजाही के समर्थन की बात दोहराई। रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ओमान के सुल्तान से भी बात की और उन्हें व वहां के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं।

### शिपिंग मंत्रालय बोला- गल्फ क्षेत्र में 22 जहाज और 611 भारतीय सुरक्षित

शिपिंग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पिछले 24 घंटों में किसी भी समुद्री घटना की कोई रिपोर्ट नहीं है। पर्शियन गल्फ क्षेत्र में हमारे 22 जहाज और 611 भारतीय नाविक पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी पोर्ट पर जाम की स्थिति नहीं है।

## हाईकोर्ट ने कहा- एसीबी ने फोन टेपिंग में नियम तोड़े : बिना पुख्ता सबूत-वारंट घर की तलाशी; निगम के वित्तीय सलाहकार के खिलाफ कार्रवाई रद्द

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए। कोर्ट ने नगर निगम ग्रेटर के तत्कालीन वित्तीय सलाहकार अचलेश्वर मीणा के खिलाफ दर्ज एफआईआर और सभी आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया है। जस्टिस चंद्रप्रकाश श्रीमाली की अदालत ने यह आदेश अचलेश्वर मीणा की याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। वहीं अपने फैसले में अदालत ने कहा– बिना पुख्ता सबूत और सूचना के आधार पर बिना वारंट किसी के घर की तलाशी लेने को कानून के अनुरूप नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने एसीबी की फोन टेपिंग की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े किए। कहा– फोन टेपिंग में नियमों की पालना नहीं की गई।

### पहले गिरफ्तारी, बाद में एफआईआर की दर्ज

एसीबी की रिपोर्ट के अनुसार– उसे सूचना मिली थी कि नगर निगम के वित्तीय सलाहकार अचलेश्वर मीणा, सह आरोपी धनकुमार से ठेकेदारों से एकत्र किए गए रुपए लेकर अपने घर गए हैं। इस पर एसीबी ने उनके घर में घुसकर तलाशी ली।

एसीबी को उनके घर से रिश्वत की राशि बरामद नहीं हुई। इस पर एसीबी की ओर से कहा गया कि आरोपी ने राशि खुर्द–बुर्द कर दी। वहीं आरोपी के एडवोकेट सुधीर गुप्ता ने कोर्ट को बताया– एसीबी ने 7 जनवरी 2022 को याचिकाकर्ता के घर जबरन घुसकर बिना वारंट के तलाशी ली और उसे गिरफ्तार कर लिया। अगले दिन 8 जनवरी को शाम 5 बजे मजिस्ट्रेट के सामने पेश करतीन दिन के रिमांड पर ले लिया।

8 जनवरी को शाम 5:15 बजे आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इसी आधार पर याचिकाकर्ता के घर की तलाशी ली गई, जो सही नहीं निकली। एसीबी राशि को खुर्द–बुर्द करने के कोई ठोस तथ्य भी पेश नहीं कर सकी।

### फोन टेपिंग में नियमों की पालना नहीं




कोर्ट ने अपने आदेश में एसीबी की फोन टेपिंग की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े किए। अदालत ने कहा– इस मामले में एसीबी डीजी ने गृह सचिव को लोक सुरक्षा का मुद्दा बताते हुए आरोपी व सह आरोपियों के फोन टेप करने की मंजूरी मांगी, लेकिन विशेष गृह सचिव ने बिना अधिकार के ही 60 दिन की अनुमति दे दी। इसके बाद गृह सचिव ने इस अनुमति को 60 दिन के लिए बढ़ा दिया। कोर्ट ने कहा– फोन टेपिंग में भारतीय टेलीग्राफ नियम–1951 की पालना नहीं की गई। एक्ट के तहत किसी भी व्यक्ति के खिलाफ फोन टेपिंग की अनुमति देने के बाद उसे 7 दिन में रिव्यू कमेटी के समक्ष रखने का प्रावधान है। लेकिन उसकी पालना यहां नहीं की गई।

वहीं फोन टेपिंग की प्रक्रिया में यह भी स्पष्ट नहीं किया गया कि आरोपी के कौन से कृत्य से लोक सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा था। वहीं ऐसी कौनसी आपातकालीन परिस्थितियां थी, जिसके आधार पर फोन टेप किया गया। कोर्ट ने इसे याचिकाकर्ता के निजता के अधिकार का उल्लंखन माना।

## केंद्र ने आयकर नियम 2026 के लिए अधिसूचना जारी की, रिटर्न फाइल करना आसान हुआ

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को आयकर नियम, 2026 के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इससे नए आयकर अधिनियम 2025 के लिए मंच तैयार होगा, जो कि 1 अप्रैल, 2026 से लागू होने वाला है, जिसमें पारदर्शिता, अधिक सख्त डिस्क्लोजर और बेहतर अनुपालन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने ई–राजपत्र में आयकर नियम, 2026 प्रकाशित किए हैं, जो पूर्ववर्ती प्रावधानों का स्थान लेते हैं और आगामी वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए एक विस्तृत ढांचा निर्धारित करते हैं। नए नियमों का उद्देश्य प्रोसेस को आसान करना और कैपिटल गेन, स्टॉक मार्केट लेनदेन और एनआरआई टैक्स से जुड़े रिपोर्टिंग स्टैंडर्ड को सख्त करना है।

ये नियम इस साल की शुरुआत में जारी किए गए मसौदा प्रस्तावों के बाद आए हैं और भारत की कर प्रणाली को आधुनिक बनाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, इन बदलावों से कोई नया कर लागू नहीं होता, बल्कि बेहतर निगरानी और पारदर्शिता पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिसके लिए अधिक डिस्क्लोजर और डिजिटल ट्रैकिंग की आवश्यकता होगी। आयकर नियम, 2026 में सबसे बड़ी हाईलाइट हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) है। नए नियम के तहत अब बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद के लोग भी सैलरी के 50 प्रतिशत हिस्से पर एचआरए क्लेम कर सकते हैं, पहले यह लिमिट केवल मुंबई, दिल्ली, चेन्नई और कोलकाता जैसे शहरों में रहने वाले लोगों के लिए थी। हालांकि, बाकी के अन्य शहरों के लिए यह लिमिट अभी भी 40 प्रतिशत बनी हुई है। अब करदाताओं को एक निर्दिष्ट प्रपत्र में मकान मालिक के साथ अपने संबंधों का खुलासा करना भी आवश्यक होगा, जिससे पारदर्शिता में और सुधार होगा। इन नियमों में स्टॉक एक्सचेंजों के लिए डेरिवेटिव ट्रेडिंग के मान्यता प्राप्त प्लेटफॉर्म के रूप में मान्यता प्राप्त करने हेतु सख्त शर्तें भी निर्धारित की गई हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंट सॉल्यूशंस, बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित तथा बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादकः तनुजा पठान* । प्रधान संपादकः राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888) ।
प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल, फोनः 0141-2796794, 2796795 | ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com | *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)